मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा-पंजाब एवं नई दिल्ली से प्रकाशित

www.ajaybharat.com

भिण्ड

शनिवार, 8 अगस्त 2026

वर्षः 12, अंकः 313
पेजः08, मूल्य ₹ 2.00 रूपये

# दैनिक अजय भारत




P4

# NCR में जलजमाव ...जाम

## तेज बारिश, नोएडा में एंबुलेंस फंसी कई इलाकों में ट्रैफिक जाम





नई दिल्ली।

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को तेज बारिश हो रही है। कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे जाम लग गया है। नोएडा के सेक्टर-95 में एक एंबुलेंस पानी में फंस गई।द्वारका सेक्टर-25 में तेज बारिश के दौरान एक युवक खुले नाले में गिरकर तेज बहाव में बह गया। 7 घंटे तक रेस्क्यू अभियान के बावजूद युवक नहीं मिला। उत्तराखंड में लगातार बारिश से अलकनंदा, मंदाकिनी, भागीरथी समेत छह नदियां खतरे के स्तर पर बह रही हैं। हरिद्वार-ऋषिकेश में घाट और मंदिर डूब गए हैं। रुद्रप्रयाग में स्कूल बंद हैं। राज्य की 132 सड़कें और बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री नेशनल हाईवे बंद किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। फर्रुखाबाद में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई। 33 गांवों और 40 सरकारी स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया। बलिया में एक हफ्ते में 27 घर सरयू नदी में समा चुके हैं। ■ **अजयभारत**

## एक्शन मोड में सीएम डॉ. मोहन यादव

# मीटिंग नहीं जनता के बीच जाकर होगा काम...

छिंदवाड़ा। अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को छिंदवाड़ा में एक बार फिर एक्शन मोड में दिखाई दिए। उन्होंने एक तरफ यहां मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की शुरुआत की, तो दूसरी तरफ प्रशासनिक कड़ाई का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने शिकायतों पर सुनवाई करते-करते छिंदवाड़ा के सीएमएचओ डॉ. नरेश गुन्नाड़े, तहसीलदार और पटवारी को तत्काल निलंबित कर दिया।

इससे पहले सीएम मोहन यादव ने छिंदवाड़ा कलेक्टर कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय में उद्यमियों-जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र के विकास,



औद्योगिक संभावनाओं एवं प्रगति के विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जनता की समस्याओं का तुरंत निराकरण भी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ। मोहन ने कहा कि आज छिंदवाड़ा से जन विश्वास अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के अंतर्गत हमारे सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में जनता से संवाद कर रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत जन संवाद के माध्यम से भविष्य की योजनाएं एवं नीतियां बनाई जाएगी। साथ ही लोगों की समस्याओं का समाधान और आवश्यकताओं की पूर्ति भी की जाएगी।

### लगेगा जनता दरबारः सीएम

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आज नो मीटिंग डे है। मध्यप्रदेश में अब सरकार जनता के पास पहुंचेंगी। इसके लिए हर शुक्रवार को जिला केंद्र से लेकर तहसील स्तर तक जनता दरबार लगेगा। जिसमें सरकार के सभी मंत्री, विधायक, कलेक्टर, कमिश्नर मैदान में उपस्थित रहेंगे और जनता की सुनवाई करेंगे। संवाद, समाधान, संवेदनशीलता, सादगी इसके 4 पिलर है।

### प्राकृतिक खेती-ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हर क्षेत्र की कार्य संस्कृति और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाबद्ध विकास की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में प्राकृतिक खेती, पशुपालन और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे जैसी पहलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।



### महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद

उन्होंने कहा कि आज छिंदवाड़ा के प्रतिभावान नागरिकों से इन महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया और उनके बहुमूल्य सुझावों को विकास की भावी योजनाओं में शामिल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जन-विश्वास अभियान के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# साथ आएंगे भाजपा-अकाली दल ?

## पीएम मोदी और सुखबीर बादल की मुलाकात से अटकलें तेज

नई दिल्ली। एजेंसी

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने राज्य की



### भाजपा और अकाली दल के रिश्ते क्यों टूटे?

**भाजपा और शिरोमणि** अकाली दल दो दशक से अधिक समय तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मजबूत सहयोगी रहे। लेकिन सितंबर 2020 में तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर दोनों दलों के रास्ते अलग हो गए। किसान आंदोलन के दौरान अकाली दल ने एनडीए से बाहर होने का फैसला लिया। बाद में केंद्र सरकार ने कृषि कानून वापस ले लिए, लेकिन दोनों दलों के रिश्तों में आई दूरी पूरी तरह खत्म नहीं हो सकी। अब चुनाव से पहले दोनों नेताओं की मुलाकात ने पुराने गठबंधन की वापसी की चर्चाओं को फिर हवा दे दी है।

राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। दोनों नेताओं की संसद परिसर में हुई इस मुलाकात के बाद भाजपा और अकाली दल के बीच संभावित चुनावी गठबंधन की अटकलें तेज हो गई। हालांकि किसी भी पक्ष ने गठबंधन को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनाव से पहले हुई यह मुलाकात राजनीतिक रूप से अहम मानी जा रही है।

### इस मुलाकात में किन मुद्दों पर चर्चा हुई?

मुलाकात के दौरान सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति समेत राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दे प्रधानमंत्री के सामने रखे। अकाली दल के नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री ने इन सभी विषयों को गंभीरता से सुना। दूसरी ओर पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि कोई भी वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री से मिल सकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि भाजपा पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और पार्टी में जल्द बड़े नेताओं की एंट्री होने वाली है।

### 2022 के चुनाव में पंजाब की राजनीति कैसे बदली थी?

2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और अकाली दल ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और दोनों को बड़ा नुकसान हुआ।

### क्या भाजपा अभी भी गठबंधन को लेकर सतर्क है?

**हालांकि** सुखबीर सिंह बादल की प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं, लेकिन भाजपा की ओर से अभी गठबंधन के संकेत नहीं दिए गए हैं। पंजाब भाजपा नेतृत्व लगातार कह रहा है कि पार्टी सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इससे साफ है कि फिलहाल भाजपा अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने पर भी समानांतर रूप से काम कर रही है।

## न्यूज कॉर्नर



### बन गया इस्लामिक नाटो!

### 'एक पर हमला मतलब सभी पर अटैक'

**नई दिल्ली। (ए.)** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने शुक्रवार को एक संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, तीनों देशों में से किसी एक पर भी हमला होने पर उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। एक संयुक्त बयान के अनुसार, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने मक्का के अल-सफा पैलेस में हुई बैठक के दौरान 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौते' पर हस्ताक्षर किए।

संयुक्त रक्षा के लिए मक्का अल-मुकर्रमा शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित इस समझौते का उद्देश्य किसी भी आक्रामक कार्रवाई के खिलाफ सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करना है।

# NEET पेपर लीक में बड़ा खुलासा

## स्पेशल क्लास और WhatsApp पर सवाल...

नई दिल्ली। एजेंसी

नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट से कई बड़े खुलासे सामने आए हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि परीक्षा से तीन दिन पहले ही सवाल लीक हो गए थे और उन्हें व्हाट्सएप, टेलीग्राम और ऑफलाइन क्लासों के जरिए छात्रों तक पहुंचाया गया। सीबीआई के मुताबिक इस पूरे मामले में एनटीए से जुड़े कुछ विषय विशेषज्ञ, कोचिंग सेंटर संचालक, बिचौलिए और कई अन्य लोग शामिल थे। सीबीआई के अनुसार, केमिस्ट्री के विषय विशेषज्ञ पी. वी. कुलकर्णी ने गोपनीयता की शपथ लेने के बावजूद 25 से 27 अप्रैल के बीच पुणे में 'स्पेशल क्लास' चलाई। इन क्लासों में शामिल छात्रों को कथित तौर पर वही सवाल और जवाब लिखवाए गए जो बाद में नीट



परीक्षा में आए। लातूर में भी कुछ छात्रों को इसी तरह की विशेष क्लास दी गई।

### छात्र कुलकर्णी के घर पहुंचे थे

**जांच में 'माय गेट'** ऐप के रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड से यह पुष्टि होने का दावा किया गया है कि छात्र कुलकर्णी के घर पहुंचे थे। छात्रों की नोटबुक में लिखे सवाल और सीबीआई के अनुसार लीक हुए पेपर आपस में मेल खाते हैं। कुलकर्णी के मोबाइल से केमिस्ट्री के सवालों की तस्वीरें, उम्मीदवारों और उनके माता-पिता से बातचीत और कई अहम डिजिटल सबूत मिलने का भी दावा किया गया है।

### 25 हजार रुपये में फिजिक्स के सवाल लीक

**जांच में यह** भी सामने आया है कि कुलकर्णी ने फिजिक्स का पेपर हासिल करने की भी कोशिश की थी। फिजिक्स विषय की विशेषज्ञ मनीषा हवालदार पर आरोप है कि उन्होंने गोपनीयता की शपथ के बावजूद 25 हजार रुपये लेकर फिजिक्स के सवाल लीक किए। जांच के अनुसार परीक्षा से आठ दिन पहले उनके मोबाइल में हाथ से लिखे सवाल मौजूद थे। उन्होंने ये सवाल दूसरे आरोपी तेजस शाह को लिखवाए, जिसने उन्हें आगे पहुंचाने का काम किया। सीबीआई के मुताबिक मनीषा वाघमारे पूरे नेटवर्क में छात्रों और विषय विशेषज्ञों के बीच कड़ी का काम कर रही थीं। उन्होंने अभिभावकों से चार लाख रुपये तक लेकर छात्रों को ऑफलाइन क्लास में भेजा, पैसे इकट्ठा किए और बाद में व्हाट्सएप के जरिए फिजिक्स के सवाल भी भेजे।

### थलापति विजय और पत्नी के रिश्ते में आया नया मोड़

## संगीता ने वापस ली तलाक की अर्जी

नई दिल्ली। (ए.) तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और टीवीके प्रमुख सी जोसेफ विजय और उनकी पत्नी संगीता के बीच लंबे समय से चल रहे पारिवारिक विवाद में एक नया और राहत भरा मोड़ आया है। संगीता ने स्थानीय चेन्गलपट्टू फैमिली कोर्ट में दायर अपनी तलाक की याचिका वापस ले ली है। पिछले कई महीनों से मीडिया और राजनीतिक गलियारों में इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि हालिया घटनाक्रम से दोनों के बीच सुलह के संकेत साफ नजर आ रहे हैं। 27 साल के इस रिश्ते को बचाने और कोर्ट केस खत्म होने की खबर से समर्थकों और फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है।



# थाईलैंड... 9वीं के छात्र ने 8 लोगों की हत्या की

## घर में दादा-दादी को मारा, फिर स्कूल में फायरिंग की; बाद में आत्महत्या की

नई दिल्ली। एजेंसी

थाईलैंड के एक स्कूल में शुक्रवार को 9वीं के छात्र ने फायरिंग कर दी। इसमें 3 शिक्षक और 3 छात्रों समेत 6 की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। छात्र ने खुद को भी गोली मार ली और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना राजधानी बैंकॉक के पास डेबसिरिन नोंथाबुरी स्कूल की है। स्कूल पहुंचने से पहले ही छात्र ने घर में दादा-दादी की हत्या कर दी थी। बाद में दोनों के शव घर से बरामद हुए।फायरिंग में इस्तेमाल की गई 9 एमएम पिस्टल छात्र के दादा की थी, जो पेशे से शिक्षक थे। फिलहाल पुलिस हमले की वजहों की जांच कर रही है।

### आरोपी छात्र वीडियो गेम खेलने का शौकीन था

आरोपी छात्र को लेकर नया खुलासा हुआ है। उप-गृह मंत्री पोलापी सुवानचावी ने बताया



कि पुलिस जांच में पता चला है कि छात्र वीडियो गेम खेलने का शौकीन था। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक गेमिंग और हमले के बीच कोई सीधा संबंध नहीं बताया है।जांच के मुताबिक, छात्र अपने दादा-दादी के साथ रहता था। स्कूल के एक शिक्षक ने बताया कि छात्र पढ़ाई में अच्छा था और उसने कभी आक्रामक व्यवहार नहीं दिखाया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर उसने इतनी बड़ी वारदात क्यों की।

HIGHLIGHTS NEWS

हाईलाइट्स न्यूज



### प्रियंका बोलीं

### सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने लद्दाख से संवाद करते हुए कहा कि बातचीत हमेशा पहला कदम होना चाहिए।भागवत के बयान पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया की है।प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें भागवत से किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है।उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भागवत के बयान के बाद, बच्चों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला रुकना चाहिए।



### उपलब्धि

### स्क्वाड्रन लीडर भावना ने रचा इतिहास

**ग्वालियर।** भारतीय वायु सेना को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। स्क्वाड्रन लीडर भावना कंठ ने आईएएफ में एक नया इतिहास रच दिया है वो ग्वालियर में टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट में फाइटर कॉम्बैट लीडर कोर्स पूरा करने वाली पहली महिला पायलट बन गई हैं। ये उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि 20 हफ्ते,तक चलने वाले इस मुश्किल प्रोग्राम के लिए वायु सेना के बहुत कम पायलट चुने जाते हैं।



### कंगना रनौत

### गजब का हृदय परिवर्तन

**नई दिल्ली।** महज 10 दिनों में कंगना रनौत का हृदय परिवर्तन हो गया है। जिस जेन-ज़ी को वह 'गटर छाप' और 'गटर जेनरेशन' कह रही थीं, अब उन्हें राष्ट्र धरोहर बता रही हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत के युवाओं से संवाद के बाद कंगना ने कहा है कि जेन-ज़ी हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हमें गर्व है अपनी जेन ज़ी पर।

## कार्टून कॉर्नर





खास खबर

## संसद की एक दिन की कार्यवाही पर करीब 9 करोड़ रुपये खर्च होते हैं

# शुक्रवार को क्यों नहीं चलती संसद ? हर सत्र की है यही कहानी

नई दिल्ली। एजेंसी

मानसून सत्र में लगातार तीसरी बार ऐसा हुआ, जब शुक्रवार के दिन संसद की कार्यवाही शुरू होते ही खत्म हो गई। लोकसभा और राज्यसभा दोनों की कार्यवाही सोमवार 10 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि, यह





फैसला हंगामे को देखते हुए लिया गया, लेकिन अगर पुराने रिकॉर्ड को देखा जाए तो पिछले 2 साल में एक भी ऐसा शुक्रवार नहीं है, जब सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चली हो। हर सत्र में शुक्रवार के दिन शुरुआत में ही सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाती है।

### शुक्रवार को सदन स्थगित, 4 फैक्ट्स?

1. पीआरएसआई के मुताबिक बजट सत्र 2026 में 3 शुक्रवार को सदन की कार्यवाही संचलित होनी थी, लेकिन 6 फरवरी, 13 फरवरी और 27 फरवरी को सदन की कार्यवाही एक मिनट भी नहीं चल सकी। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही शुरुआत में ही स्थगित कर दी गई।
2. इसी तरह शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान 3 शुक्रवार को सदन की कार्यवाही चलनी थी, लेकिन तीनों ही दिन (5 दिसंबर, 12 दिसंबर और 19 दिसंबर) को सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई। पूरे सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत और राज्यसभा की उत्पादकता 100 प्रतिशत दर्ज की गई।
3. पिछले साल मॉनसून सत्र के दौरान भी तीनों शुक्रवार (25 जुलाई, 1 अगस्त और 8 अगस्त) को संसद की कार्यवाही नहीं चल पाई। इसी तरह से बजट सत्र 2025 को भी देखा गया। कुल मिलाकर शुक्रवार के दिन संसद की कार्यवाही बिल्कुल भी नहीं चलती है।
4. 2024 के शीतकालीन सत्र में 4 शुक्रवार को सदन की कार्यवाही संचलित होनी थी। 29 नवंबर, 6 दिसंबर, 13 दिसंबर और 20 दिसंबर। इन चारों ही दिन सदन की कार्यवाही सिर्फ नाम मात्र के लिए चली। शुरुआती हंगामे के बाद कार्यवाही को स्थगित कर दी गई।



### निजी विधेयक के लिए शुक्रवार आरक्षित

**शुक्रवार का** दिन प्रश्नकाल और शून्यकाल के अलावा निजी विधेयक के लिए आरक्षित है। यानी इस दिन संसद का कोई भी सदस्य जरूरी मुद्दे पर निजी विधेयक पेश कर सकते हैं। विधेयक को अगर स्वीकार किया जाता है तो उस पर बहस हो सकती है।इसके अलावा विधेयक पर वोटिंग की जा सकती है। 1970 के बाद कोई भी निजी विधेयक पास नहीं हो पाया है। संसद में अब तक 14 निजी विधेयक ही पास हो पाया है।

### शुक्रवार को संसद क्यों नहीं चलती है?

1. शुक्रवार के बाद शनिवार और रविवार को संसद में छुट्टी रहती है। छुट्टी के दिन अधिकांश सांसद अपने क्षेत्र में जाते हैं। संसद के न चलने का एक कारण यह भी है। अगर हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही स्थगित होती है तो सांसदों को जल्दी ही अपने क्षेत्र में जाने का मौका मिलता है।
2. एक कारण निजी विधेयक के लिए दिन का आवंटित होना है। निजी विधेयक आम तौर पर संसद से पास नहीं हो पाते हैं। आखिरी बार 1970 में पास हुआ था, इसलिए सरकार भी इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाती है। सांसद भी इस दिन आम लोगों से मिलने-जुलने में अपना वक्त निकाल देते हैं।
3. हालांकि, शुक्रवार को भी संसद की कार्यवाही संचलित करने में उतना ही खर्च आता है, जितना अन्य दिनों में। संसद को चलाने में एक दिन में 9 करोड़ रुपए का खर्च आता है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

# जन सेवा में संवेदनशीलता ही सुशासन की पहचान : सीएम डॉ. यादव

### मुख्य बातें

- जन समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई
- सीएमएचओ, तहसीलदार एवं पटवारी निलंबित, सीईओ जनपद और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृध्दि रोकने के आदेश, अन्य तीन को नोटिस
- मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शुभांरभ पर मुख्यमंत्री ने की आमजनों की लंबित शिकायतों की सुनवाई
- छिंदवाड़ा की प्रतिभाएं पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा
- उत्कृष्ट कार्य करने वालों से किया संवाद
- किसानों, खिलाड़ियों, छात्राओं और महिला उद्यमियों ने सुनायी अपनी सफलता की कहानी



भोपाल।अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' का शुभांरभ करते हुए छिंदवाड़ा जिले के कलेक्ट्रेट में आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों की आवेदकों की उपस्थिति में एक-एक कर समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान जिन प्रकरणों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई, उन पर उन्होंने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराते हुए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा कलेक्ट्रेट के कार्यक्रम में जिले की प्रेरक प्रतिभाओं से आत्मीय संवाद किया। कृषि, नवाचार, खेल, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण पर्यटन, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभागियों ने अपनी सफलता की कहानियां मुख्यमंत्री के साथ साझा कीं। मुख्यमंत्री ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं मध्यप्रदेश के विकास की वास्तविक शक्ति हैं और समाज के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजस्व, नल-जल, ऊर्जा, पुलिस सहित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिकायत करने की नौबत नहीं आनी चाहिए। प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ड्रॉप-आउट बच्चों को पुन: विद्यालयों में प्रवेश दिलाने, सभी शिक्षकों की शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने तथा सायबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण ही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है तथा प्रत्येक अधिकारी को जनसेवा के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह कार्यशैली अपनानी होगी।

**सम्मान निधि का लाभ नहीं, तहसीलदार और पटवारी निलंबित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में मीना बंजारा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। समीक्षा में पाया गया कि परासिया तहसील के संबंधित पटवारी द्वारा गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण आवेदिका योजना के लाभ से वंचित रही। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मामले को गंभीर मानते हुए परासिया तहसील के संबंधित पटवारी एवं तहसीलदार को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता के माध्यम से आवेदिका को एक वर्ष की सहायता राशि प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

**पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण जानकारी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती सीमा तुमराम ने बताया कि उन्होंने प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत की थीं। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर दर्ज त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इसे विभागीय लापरवाही मानते हुए संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिन्दवाड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

**सीईओ चौरई और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृद्धि रूकी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती मानवती वर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में पति संतोष वर्मा की मृत्यु के बाद उन्हें पात्रता अनुसार मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिली, जिसकी उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई थीं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चौरई तथा श्रम अधिकारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

**चौरई एसडीएम एवं पटवारी को कारण बताओं सूचना पत्र**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गोविंद नायक ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भू-अभिलेख दुरुस्तीकरण से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की। समीक्षा में पाया गया कि एसडीएम द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने एसडीएम चौरई, संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मनोहर सिंह ने बताया कि उन्होंने अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता नहीं मिलने की शिकायत की थी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि बैंक खाते की लेनदेन सीमा कम होने के कारण सहायता राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा था। आवेदक का बैंक खाता सीहोर जिले में संचालित था, इसलिए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई कर भुगतान सुनिश्चित किया जा चुका है।

**प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राजेन्द्र रमेश धारे ने प्राकृतिक खेती के अपने मॉडल की जानकारी देते हुए बताया कि वे विभिन्न किस्मों की हल्दी सहित अनेक फसलों की प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की लागत कम कर उनकी आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है।

कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक कमलेश प्रताप शाह, महापौर विक्रम आहके, शेषराव यादव, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, सचिव डॉ. सुदाम खाड़े, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को पर्व के रूप में मनाया जा रहा है: मंत्री कुशवाह

## -मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में स्कूली छात्राओं को दी गई साइकिल

भोपाल।अजयभारत न्यूज





सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण तथा निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायन सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में पृथ्वीपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिरौरा-खेत में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन, सांसद प्रतिनिधि राजेश पटेरिया, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को पर्व के रूप में मना रहे हैं। यह पर्व 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक अलग अलग पंचायतों में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित एवं प्रभारी निराकरण सुनिश्चित करना, क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं के कियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना तथा प्रशासन की संवेदनशील, पारदर्शी एवं उत्तरदायी कार्यप्रणाली सुदृढ़ करना है।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का उद्देश्य शासन प्रशासन को जन सामान्य से सीधे जोड़ते हुए उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना, क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं के कियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना तथा प्रशासन की संवेदनशील, पारदर्शी एवं उत्तरदायी कार्यप्रणाली सुदृढ़ करना है।

**विधायक ने बताया अभियान का उद्देश्य**

विधायक निवाड़ी अनिल जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याण और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना तथा जनता का शासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ करना है। उन्होंने नागरिकों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने अभियान की रूपरेखा के विषय में बताया।

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 22 वार्ड क्रं 62, स्थान बी-13,ब्लॉक बी, श्री विनायक सिटी,जिरैना ग्वा0 मे स्थित है जो कि ऑमसन रियल्टी प्रा.लि द्वारा अधिकृत श्याम शर्मा/ओमप्रकाश शर्मा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000305321 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1237 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-26062601110978 दिनांक 28.06.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी, क्षे.क्र 22, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**तनिष्का भटनागर/शुभम भटनागर**
**पता-श्री विनायक सिटी जिरैना ग्वा0 (म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19 वार्ड क्रं 44,भवन क्रं 563, स्थान भापकर की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि पूरन चंद/लल्लू के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000340138 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 317 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसान द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र19, पर दिनांक 07.08.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 82/2011/25728/25809 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**श्रीमती लता बाई/बाल किशन**
**पता-भापकर की गोठ ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 06 वार्ड क्रं 32, स्थान प्लाट क्रं 303, एन.के प्लाजा, ई-ब्लॉक गांधी नगर ग्वा0 मे स्थित है जो कि नरेन्द्र पाल सिंह भदौरिया/बनवारी सिंह भदौरिया के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000237234 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 987.67 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-27062601112339 दिनांक 29.06.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पडाव, क्षे.क्र 06, पर दिनांक 04.08.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 63/2010/49260/49207 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**मीना मित्तल/दिलीप मित्तल**
**पता-ई-ब्लॉक गांधी नगर ग्वा0(म.प्र.)**
**मो0-7084868512**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 06 वार्ड क्रं 32, स्थान डी-16, कुशल नगर ग्वा0 मे स्थित है जो कि गोविंद दास शर्मा/स्व. ओंकार लाल शर्मा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000270479 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1625 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-22072601270364 दिनांक 22.07.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पडाव, क्षे.क्र 06, पर दिनांक 03.08.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 63/2010/49246/49193 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**अभिषेक शुक्ला/ राजीव शुक्ला , अंशुमान उपाध्याय/राजेंद्र प्रसाद**
**पता-डी-16,कुशल नगर ग्वा0(म.प्र.)**
**मो0-9425116642**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 06 वार्ड क्रं 31, स्थान83, साकेत नगर ग्वा0 मे स्थित है जो कि रमेश चन्द्र शर्मा/ब्रम्हजीत शर्मा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000271367 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं ए-100933272 दिनांक 29.07.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पडाव, क्षे.क्र 06, पर दिनांक 29.07.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 63/2010/44241/49188 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**रितु राठौर/उमेश सिंह राठौर**
**पता-साकेत नगर ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 14 वार्ड क्रं 60, स्थान 10 सारिका नगर ग्वा0 मे स्थित है जो कि राजा भाई सिंह/होतम सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000255252 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं 934 दिनांक 17.05.1993 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर, क्षे.क्र 14, पर दिनांक 07.08.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**कल्लूराम/लल्लाराम**
**पता-सारिका नगर ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 22 वार्ड क्रं 61, स्थान प्लाट क्रं 105,106 का भाग, लक्ष्मी बिहार कॉलोनी बडागांव ग्वा0 मे स्थित है जो कि श्रीमती सुमन खेमरिया/अरूण खेमरिया के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000307016 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142592022ए1899071 दिनांक 01.09.2022 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी, क्षे.क्र 22, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**श्रीमती आरती जाटव/रवि कुमार**
**पता-लक्ष्मी बिहार कॉलोनी बडागांव ग्वा0(म.प्र.),मो0-8516019750**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 22 वार्ड क्रं 62, स्थान प्लाट क्रं 59,ब्लॉक-यू, सिद्वी विनायक फेस-2,सैंथरी ग्वा0 मे स्थित है जो कि प्रदीप शर्मा/कृष्ण बिहारी शर्मा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000305290 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 716 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-23072601283626 दिनांक 24.07.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी, क्षे.क्र 22, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**तेजपाल सिंह सिकरवार/ लोकेन्द्र सिंह सिकरवार**
**पता-सिद्वी विनायक फेस- 2 ग्वा0 (म.प्र.), मो0-7974728790**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 22 वार्ड क्रं 61, स्थान ई-10, फ्लोवर सिटी , रमौआ ग्वा0 मे स्थित है जो कि लक्ष्य होम डवलपर्स प्रोजेक्टस प्रा.लि रूचि चौबे/नरसिंघ कुमार चौबे के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000302972 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-22072601270910 दिनांक 22.07.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी, क्षे.क्र 22, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

**ब्रजेन्द्र सिंह गुर्जर/जितेन्द्र सिंह गुर्जर**
**पता-फ्लोवर सिटी रमौआ ग्वा0 (म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 08 वार्ड क्रं 25,भवन क्रं 1316, स्थान 36, रिवर व्यू कॉलोनी मुरार ग्वा0** मे स्थित है जो कि **सुधा शर्मा/कैलाश चन्द शर्मा** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000291609** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **720 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-22072601276389 दिनांक 24.07.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र टप्पा तहसील मुरार, **क्षे.क्र08,** पर दिनांक 03.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 66/2010/76885/76982** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**श्रीमती शशि शर्मा/अजय कुमार शर्मा**
**पता-रिवर व्यू कॉलोनी मुरार ग्वा0 (म.प्र.), मो0-7723068015**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 19 वार्ड क्रं 46,स्थान निम्बार कर की गोठ ग्वा0** मे स्थित है जो कि **कमला देवी/शान्ती कुमार जैन** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000080489** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **330 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र /वसीयत** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय, **क्षे.क्र 19,** पर दिनांक को किया गया है। जिसका ऑनलाईन **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**अशोक कुमार जैन/शान्ती कुमार जैन**
**पता-निम्बारकर की गोठ ग्वा0 (म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 15 वार्ड क्रं 43,स्थान 1191 का भाग, दहीमण्डी ग्वा0** मे स्थित है जो कि **निर्मला देवी होतवानी,राजेश कुमार, दीपक कुमार/पीताम्बर दास होतवानी** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000091189** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **413 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र /हकत्याग/मृत्युउपरान्त/ उत्तराधिकार** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गांधी मार्केट, **क्षे.क्र 15,** पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**श्रीमती भावना होतवानी/राजेश, जय होतवानी/राजेश**
**पता-दही मण्डी ग्वा0 (म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 05 वार्ड क्रं 17,स्थान 603, केशर टावर्स, केशर बाग, मेला रोड ग्वा0** मे स्थित है जो कि **मैसर्स केशर इन्फ्रास्ट्रेक्चर्स ग्वालियर द्वारा अधिकृत वीरेन्द्र कुमार गंगवाल** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000292571** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **796 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्रक्रं एमपी142602023ए12501208 दिनांक 26.10.2023** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कांचमील रोड, **क्षे.क्र 05,** पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**विक्रम सिंह भदौरिया/पूरन सिंह भदौरिया**
**पता-केशरबाग मेला रोड ग्वा0 (म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 05 वार्ड क्रं 17,स्थान फ्लैट क्रं बी-901, केशर अपार्टमेंट, केशर बाग, मेला रोड ग्वा0** मे स्थित है जो कि **मैसर्स केशर इन्फ्रास्ट्रेक्चर्स द्वारा अधिकृत प्रशांत कुमार गंगवाल** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000292572** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **1418 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-29032600569115 दिनांक 29.03.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कांचमील रोड, **क्षे.क्र 05,** पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**भानु प्रताप अग्रवाल/लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, भावना अग्रवाल/भानु प्रताप अग्रवाल**
**पता-केशरबाग मेला रोड ग्वा0 (म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 08 वार्ड क्रं 18,स्थान 4680, जनकपुरी,महाराजपुरा ग्वा0** मे स्थित है जो कि **दिलीप कालगांवकर/ स्व. कृष्णाराव गोविन्दराव कालगांवकर** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000170653** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **1095.5 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142592022ए11071010 दिनांक 22.10.2022** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र डी.डी नगर, **क्षे.क्र 08,** पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**गोविंद सिंह सिकरवार/मातादीन सिंह सिकरवार**
**पता-जनकपुरी,महाराजपुरा ग्वा0 (म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 07 वार्ड क्रं 33,स्थान 1068, नवाव साहब का कुंआ ग्वा0** मे स्थित है जो कि **श्री बाबू राम बहादुर सक्सैना/अंविका प्रसाद सक्सैना** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000118706** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **551 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र /मृत्युउपरान्त** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रैन बसेरा , **क्षे.क्र 07,** पर दिनांक 07.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** PT 81673 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**अजय कुमार सक्सैना,अनिल सक्सैना, पवन सक्सैना/स्व. श्री बाबू राम बहादुर सक्सैना, श्रीमती प्रियंका, कु. गरिमा सक्सैना/स्व. राजेश सक्सैना, मधुलिका, रेनू सक्सैना,नीलम सक्सैना,सीमा सक्सैना/स्व. श्री बाबू राम बहादुर सक्सैना**
**पता-नवाव साहब का कुंआ ग्वा0 (म.प्र.)**
**मो0-8839079404**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 07 वार्ड क्रं 33,स्थान फ्लैट क्रं एस.एफ-204, विनकोन प्लाजा, शिंदे की छावनी लश्कर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **सुधा मित्तल/स्व. दिनेश कुमार मित्तल** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000152314** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **836 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602022ए1097767 दिनांक 30.01.2022** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रैन बसेरा , **क्षे.क्र 07,** पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**मंजू कंषाना/श्री राम नरेश कंषाना**
**पता-विनकोन प्लाजा,शिंदे की छावनी लश्कर ग्वा0 (म.प्र.) ,मो0-9752641000**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-07.08.2026

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने बृजेंद्र तिवारी को नमन किया

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने दी श्रद्धांजलि, जताई शोक संवेदना

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज





मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज ग्वालियर प्रवास के दौरान विभिन्न राजनीतिक एंव समाज सेवियो के निवास स्थानों पर जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज पूर्व वरिष्ठ विधायक बृजेंद्र तिवारी के निधन पर उनके निवास स्थान पाटनकर बाजार चौराहा लश्कर , ग्वालियर पर पहुंचकर श्री तोमर ने सर्वप्रथम पूर्व विधायक श्री तिवारी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं निवास पर मौजूद स्वर्गीय तिवारी जी के सुपुत्र एवं सपुत्री से भेंट कर शोक संवेदना के साथ ढाडंस बधांया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भाजपा जिला ग्वालियर ग्रामीण के अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत के पूज्य चाचा हेतम सिंह के दुःखद निधन के उपरांत आज उनके निवास स्थान दुर्गा कॉलोनी मुरार ग्वालियर पर पहुंच कर सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर मौजूद शोकाकुल भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत व परिजनों से भेंट कर शोक संवेदन व्यक्त कर ढांढस बंधाया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मध्य प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत डीएसपी किशोर सिंह भदोरिया एवं भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर भदौरिया के चाचा जी स्वर्गीय देवराज सिंह भदोरिया जी के दुःखद निधन के उपरांत आज उनके निवास स्थान पी एन टी कॉलोनी ठाटीपुर ग्वालियर पर पहुंच कर सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर मौजूद शोकाकुल परिजनों से भेंट कर शोक संवेदन व्यक्त कर ढांढस बंधाया।

-----------------------------------------------

## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

# जिला स्तर से 60 अधिकारियों ने मैदान में पहुँचकर मजबूत किया जन-विश्वास

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज





जिला स्तर से शुक्रवार को लगभग 60 अधिकारी एक साथ मैदान में उतरे। इन अधिकारियों ने विकासखंड घाटीगांव के विभिन्न गाँवों में पहुँचकर 114 शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय जन-समुदाय से संवाद कर उनकी अपेक्षाओं, समस्याओं व चुनौतियों को जाना और निराकरण का भरोसा दिलाकर सरकार के प्रति जनविश्वास को और मजबूत किया। इसके बाद सभी अधिकारी घाटीगांव पहुँचे और यहां आयोजित जिला स्तरीय शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का निराकरण किया। मौका था मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के शुभारंभ दिवस का । इस अभियान के तहत घाटीगांव के यह जन-विश्वास शिविर लगाया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में भी जनता से सीधा संवाद व जुड़ाव स्थापित कर समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर सफलतापूर्वक अपने-अपने उद्यम चला रहे घाटीगांव क्षेत्र के उद्यमियों ने इस अवसर पर अपनी सफलता के प्रेरणादायी अनुभव साझा किए। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किए। जन-विश्वास शिविर के साथ-साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। शिविर में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर विशेष रूप से मेडीकल बोर्ड भी बिठाया गया था। मेडीकल बोर्ड की अनुशंसा के आधार पर दिव्यांगजनों के मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाए गए। विकासखंड मुख्यालय घाटीगांव में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आयोजित हुए जिले के पहले जिला स्तरीय शिविर में लगभग 150 लोगों द्वारा आवेदन देकर अपनी समस्यायें दर्ज कराई गईं। विधायक मोहन सिंह राठौर, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा रावत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर अनिल बनवारिया, वन मण्डलाधिकारी मुकेश पटेल एवं एसडीएम श्रीमती वंदना जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया। सभी आवेदनों को सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया गया है, जिससे उनके निराकरण की नियमित समीक्षा हो सके।

## चिरवई नाके पर स्कूली वाहनों की जांच की, लगा 2.83 लाख का जुर्माना

ग्वालियर। जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा स्कूली वाहनों का अभियान बतौर निरीक्षण कराया जा रहा है। इस क्रम में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चैहान के निर्देश पर शुक्रवार को संभागीय उड़नदस्ता द्वारा शहर के चिरवई नाका पर स्कूली वाहनों की जांच की गई। इस दौरान स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों में कमियां पाए जाने पर कुल लगभग 2 लाख 83 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। उन्होंने बताया 10 स्कूली वाहनों पर 77 हजार रुपए, 6 अन्य वाहनों पर 48 हजार 300 रुपए, 12 ट्रेक्टर पर लगभग एक लाख 53 हजार व एक ऑटो पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी प्रवीण नाहर के नेतृत्व में गए दल द्वारा अंजाम दी गई।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में 117 विद्यालयों की सहभागिता

ग्वालियर, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति समिति तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), ग्वालियर में पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पंजीकृत 166 विद्यालयों में से 117 विद्यालयों ने सहभागिता दर्ज कराई। प्रत्येक विद्यालय से तीन छात्र एवं एक शिक्षक ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटन से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न लिखित परीक्षा में पूछे गए। लिखित परीक्षा के परिणामों के आधार पर शीर्ष छह टीमों का चयन मल्टीमीडिया क्विज के लिए किया गया।

# आईक्यूएसी की वार्षिक बैठक में गुणवत्ता सुधार पर मंथन

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज



**कुलगुरु बोले- विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा संकल्प, प्रो. गौतम ने पेटेंट सेल और वेबसाइट अपडेट रखने की दी सलाह**

जीवाजी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की वार्षिक बैठक शुक्रवार को कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से प्राप्त ए++ ग्रेड की गरिमा बनाए रखने, शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार और संस्थागत विकास को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत मंथन किया गया। विशेषज्ञों ने आगामी नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर सुझाव दिए, वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी सुझावों पर प्रभावी अमल का भरोसा दिलाया। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में चित्रकूट विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. एनसी गौतम तथा जबलपुर वेटरिनरी विश्वविद्यालय के डीन प्रो. आदित्य मिश्रा शामिल हुए। इसके अलावा गणमान्य नागरिक राजेंद्र सेठ, कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, परीक्षा नियंत्रक, अधिकारी एवं आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित रहे। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. महेंद्र गुप्ता ने पिछले तीन वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए नवाचार, शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों और कैंपस डेवलपमेंट से जुड़े कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए गए प्रयासों और भविष्य की योजनाओं से सदस्यों को अवगत कराया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. एनसी गौतम ने कहा कि ए++ ग्रेड को बनाए रखना विश्वविद्यालय के लिए बड़ी जिम्मेदारी है। नैक की अगली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए पहले से अधिक गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने नैक एक्रेडिटेशन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं और आगामी चुनौतियों से निपटने के उपाय साझा किए। साथ ही विश्वविद्यालय में पेटेंट सेल की स्थापना करने और वेबसाइट को लगातार अपडेट रखने पर विशेष जोर दिया। प्रो. आदित्य मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यों को समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना जरूरी है, ताकि लोग उनके उपयोग और महत्व से परिचित हो सकें। वहीं राजेंद्र सेठ ने बैठकों में लिए गए निर्णयों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने तथा अगली बैठक में उनके परिणामों का विश्लेषण प्रस्तुत करने की आवश्यकता बताई।

### सामूहिक रूप से कार्य करना होगा

कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने कहा कि विशेषज्ञों एवं विश्वविद्यालय परिवार द्वारा दिए गए सुझावों पर शत-प्रतिशत अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ए++ ग्रेड की गरिमा बनाए रखने के लिए सभी को सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। छात्रहित, शैक्षणिक गुणवत्ता और सामाजिक उपयोगिता वाले अनुसंधान विश्वविद्यालय की प्राथमिकता रहेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में समाहित भारतीय ज्ञान परंपरा से विद्यार्थियों को जोड़ने पर भी जोर दिया।

नियमित समीक्षा की जाएगी

प्रो. आचार्य ने कहा कि अकादमिक कैलेंडर की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा परीक्षाएं समय पर हों, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की वेबसाइट को और अधिक उपयोगी एवं आधुनिक बनाने की बात कहते हुए कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय का संकल्प है।

### ये रहे साथ

इस अवसर पर राजेंद्र सेठ एवं डॉ. समीर भाग्यवंत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। संचालन आईक्यूएसी के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर प्रो. एसएन महापात्रा ने किया।

## बोन एंड जॉइंट वीक

# सड़क पर उतरे ऑर्थोपेडिक डॉक्टर बोले- हेलमेट और सीट बेल्ट ही बचाएंगे जिंदगी

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज



सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत और गंभीर चोटों को रोकने के उद्देश्य से ग्वालियर ऑर्थोपेडिक सोसायटी के चिकित्सकों ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान डॉक्टरों ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़े जागरूकता पर्चे भी वितरित किए गए। ग्वालियर ऑर्थोपेडिक सोसायटी के अध्यक्ष एवं जीआर मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस बाजोरिया ने बताया कि 3 से 8 अगस्त तक बोन एंड जॉइंट वीक मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हड्डियों और जोड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ इंज्यूरी फ्री इंडिया का संदेश भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं युवाओं में अपंगता और असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हैं। यदि लोग हेलमेट, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों का पालन करें तो बड़ी संख्या में दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों और मौतों को रोका जा सकता है।

### यह रहे उपस्थित

अभियान में डॉक्टरों ने वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया और सड़क सुरक्षा को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए सभी से नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्वालियर ऑर्थोपेडिक सोसायटी के सचिव डॉ. आशीष दुबे, डॉ. दिनेश प्रसाद, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. रवि गोयल, डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. हरेंद्र, डॉ. मोहित और डॉ. विशाल सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी के ट्रेफिक कैमरों को मोतियाबिंद हुआ

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज



ग्वालियर। ग्वालियर की स्मार्ट सिटी के विभिन्न चैराहों पर लगे कैमरों को मोतियाबिंद हो गया है। इन्हें ट्रेफिक की लाल बत्ती में स्टाप लाइन से भी दस बीस फुट आगे खड़े हो गये विक्रम टेम्पो व टमटम दिखाई नहीं देते हैं। जबकि टू व्हीलर या चार पहिया वाहन चालक एक फुट भी स्टाप लाइन से आगे आ जाये तो उनका ट्रेफिक नियम उल्लंघन का चालान भेज दिया जाता है। आज यह फोटो पड़ाव चौराहे का हैं, जहां विक्रम टेम्पो और टमटम लाल बत्ती होने के बाद भी स्टाप लाइन से 20 फुट आगे होकर खड़े हैं। कई राहगीरों ने इनसे कहा भी कि ट्रेफिक नियम का पालन करो तो विक्रम और टमटम चालक ने कहा कि हमारा चालान नहीं होता तुम अपनी चिंता करों। अब तो यही कहा जायेगा स्मार्ट सिटी के कंट्रोम रूम में कैमरे व स्क्रीन पर बैठने वाले आपरेटर भी मोतियाबिंद के शिकार हो गये हैं, जो इन्हें ट्रेफिक उल्लंघन दिखाई नहीं देता ।

## संभागीय आयुक्त खत्री ने किया मॉडल स्कूल मुंगावली का निरीक्षण

ग्वालियर । संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने शुक्रवार को संभाग के अशोकनगर जिले की जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बीडसरकार में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर में भाग लिया। इसके बाद शासकीय मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल मुंगावली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्रवृत्ति, नामांकन, अपार आईडी, साइकिल ,प्रयोगशाला ,एवं अन्य शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधु शर्मा , विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगावली, विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

# नगर निगम परिषद बना कुश्ती का अखाड़ा

## माहौल ऐसा गरमाया कि हाथापाई की नौबत आ गई



ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव और पदेन सभापति गिर्राज कंसाना के बीच शुरू हुई तीखी बहस देखते ही देखते पूरे सदन में हंगामे में बदल गई। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, हाथ-पैर चलने जैसी स्थिति बन गई।हालांकि, मौजूद पार्षदों मामला संभाल लिया।बैठक में कुछ देर तक जमकर हंगामा होता रहा और सदन का माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण बना रहा।

### आगामी बैठक 10 को

नगर निगम परिषद के विशेष अभियाचित सम्मेलन का आयोजन नगर पैनल सभापति श्रीमती मंजू दिग्विजय राजपूत की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया गया।बैठक के प्रारंभ में विद्युत विभाग द्वारा केवल खरीदी की जांच के मामले में नगर निगम परिषद द्वारा गठित समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के वाचन उपरांत पैनल सभापति श्रीमती राजपूत ने निर्देष दिए कि नगर निगम आयुक्त रिपोर्ट में की गई अनुशंसा के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करें और सदन को अवगत करायें। इसके उपरांत शहर में बारिश के दौरान हो रहे जल भराव एवं सीवर समस्या को लेकर चर्चा प्रारंभ की गई। चर्चा जारी रहते बैठक 10 अगस्त 2026 दोपहर 3 बजे तक स्थगित कर दी गई।

## काकाजी के विचार देते है जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा: विधानसभा अध्यक्ष तोमर

# स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर को शहरवासियों ने दी पुष्पांजलि

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज




ग्वालियर। काकाजी स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर का उन्हें मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है, उनके सानिध्य में रहकर उन्होंने संगठन एवं सार्वजनिक जीवन में कार्य करने की कला सीखी है। स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर के विचार जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 103वीं जयंती पर नगर निगम मुख्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये कहीं। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक पीयूष ताम्बे एवं सुश्री प्रतीक्षा तांबे ने भजनों के माध्यम से भजनांजली अर्पित की।

नारायण कृष्ण शेजवलकर प्रशासनिक भवन सिटी सेंटर में पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 103वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर को याद करते हुए कहा कि मैं उन सौभाग्यशाली लोगों में से हूं जिन्हें राजनीतिक जीवन के प्रारंभिक समय में काकाजी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। काकाजी का पूरा जीवन हम सभी को प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के जीवन को गढने का कार्य किया तथा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया और सम्मान दिया। उन्होंने ही हमें सिखाया है कि एक छोटे कार्यकर्ता को बडे दायित्व पर रहकर कैसे सम्मान किया जाता है। उन्होंने ही हमें सिखाया है कि संगठन में हमें समस्या नहीं समाधान बनकर कार्य करना चाहिए। काकाजी के व्यक्तित्व व कृतित्व से हम सभी को सरलता एवं सादगी से जीवन की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में पूर्व संगठन मंत्री वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता को किस प्रकार तैयार किया जाता है, यह हमें काकाजी से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि काकाजी ने हमेशा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनका सार्वजनिक जीवन सादगी, सरलता से भरा हुआ था। वह हमेशा आमजनों और कार्यकर्ताओं के लिए संघर्ष करते थे।

कार्यक्रम में नगर निगम मुख्यालय परिसर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने काकाजी स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की स्मृति में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में भजन गायक पियूष ताम्बे एवं सुश्री प्रतीक्षा ताम्बे ने कभी-कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े, मनवा रे जीवन है संग्राम एवं ओ पालनहारे, भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, गोपीकृष्ण नेमा, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक जादौन, ग्वालियर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मधुसुदन सिंह भदौरिया, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, ध्यानेन्द्र सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, वरिष्ठ नेता गजेन्द्र गडकर, वेदप्रकाश शर्मा, अभय चौधरी, कमल माखीजानी, श्रीमती खुशबू गुप्ता, सतीश बोहरे, हरीश मेवाफरोश, सुधीर गुप्ता, निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं शहर के नागरिकगणों ने स्व. शेजवलकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

## आज का विचार



बिल्ली में पूर्ण भावनात्मक ईमानदारी होती है; इंसान किसी न किसी वजह से अपनी भावनाएं छुपा सकते हैं, लेकिन बिल्ली नहीं।

■ अर्नेस्ट हेमिंग्वे



मुझे बिल्लियाँ इसलिए पसंद हैं क्योंकि मुझे अपना घर अच्छा लगता है; और धीरे-धीरे वे मेरे घर की आत्मा बन जाती हैं।

■ जीन कोक्टो

## सम्पादकीय

# संसद में शब्दों पर जुबानी तकरार...!

**संसद के मॉनसून सत्र में कई बार चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों और सोशल मीडिया जैसी भाषा को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच भारी जुबानी तकरार देखने को मिली है। उनके भाषण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और 'अंधभक्त' जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर सत्तापक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने उन विवादित अंशों को सदन की कार्यवाही से हटाने का आदेश दिया। इसके बाद नहीं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार को राज्यसभा में बुरी तरह से भड़क गए। उन्होंने कहा सत्ताधारी दल और आसंदी यह तय नहीं कर सकती है, सांसद क्या बोलें और क्या नहीं। उन्होंने कहा आसंदी तय नहीं कर सकती है, सांसद को किस तरह से अपनी बात रखनी है, आसंदी तय नहीं कर सकती है, वह जो चाहें वही सदस्य बोलें। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़े गुस्से में अपनी बात कही, उसके बाद सदन स्थगित हो गया।**

पिछले कुछ वर्षों से सदस्यों के बोलने के साथ ही लोकसभा या राज्यसभा की आसंदी सदस्यों को टोंकने लगती है। बार-बार टोंकने और भाषण के बीच ही सदस्य को रोका जाता है। रिकॉर्ड में नहीं जाएगा, इस तरह की टिप्पणी आसंदी से कई बार आ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से सांसदों को सदन में अभिव्यक्ति के विशेष अधिकार होने के बाद भी बोलने से रोका जा रहा है। आसंदी को अधिकार है, सदस्य ने यदि ऐसी कोई बात बोली है, जो असंवैधानिक और असंसदीय है, तो ऐसी बातों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया जाता था। अब सांसदों को सदन में बोलने ही नहीं दिया जा रहा है। राज्यसभा उच्च सदन है, अभी तक यह परंपरा रही है, जब भी कोई नया सदस्य पहली बार बोलता है, उसे रोका-टोका नहीं जाता है। सामान्यतः उसके लिए समय भी तय नहीं किया जाता है। यह माना जाता है, सदन में उसका पहला भाषण है। बुधवार को टीएमसी की नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉक्टर मेनिका गुरुस्वामी जब सदन में अपनी बात रख रहीं थीं, उन्हें बार-बार आसंदी से रोका गया, कहा गया, जो वह बोल रही हैं, उसे रिकॉर्ड में नहीं लिया जाएगा। वह सुप्रीम कोर्ट में जो न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने और नियुक्ति बिल पर बोल रहीं थीं। 2 मिनट भी उन्हें सदन में बिना व्यवधान के बोलने नहीं दिया गया। वह जब अपनी बात रख रही थी, तभी दूसरे सदस्य को बोलने के लिए आसंदी ने कह दिया। उपसभापति हरिवंश जी आसंदी पर बैठे थे, वह लंबे समय तक एक अखबार के संपादक रह चुके हैं। उन्हें संसद की सारी परंपराओं का ज्ञान है। उसके बाद भी उन्होंने जिस तरह से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य के पहले भाषण में ही उन्हें बोलने से रोककर 75 वर्ष पुरानी परंपरा को समाप्त किया है, यह चिंता का विषय है। गुरुवार को राज्यसभा सदस्य और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा बोल रहे थे। वह भी सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के पद बढ़ाने के अध्यादेश बिल पर बोल रहे थे। आसंदी ने उन्हें बोलने से कई बार रोका, उन्हें अपनी बात नहीं कहने दी। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है, पिछले कुछ वर्षों से लोकसभा और राज्यसभा की आसंदी से इसी तरह का व्यवहार विपक्षी सांसदों के साथ किया जा रहा है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी सत्ता पक्ष द्वारा रोका गया। परम्परा है सदन के नेता और प्रतिपक्ष के नेता को बोलने से नहीं रोका जाता है। सत्ता पक्ष के सदस्य जो बोलते है। विपक्ष जब उसका जवाब देता है, आसंदी बोलने से रोकती है। यह पक्षपात साफ रूप से कार्यवाही में दिखता है। विपक्ष एक बार आसंदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी ला चुकी है। इसके बाद भी आसंदी से विपक्षी सांसदों के बोलने के साथ ही हो हल्ला रोक-टोक और तरह-तरह के व्यवधान उत्पन्न कर दिए जाते हैं। विपक्षी सांसद अपना पक्ष संसद के अंदर ना रख पाएं, यदि रख दिया है, तो उसे संसद की कार्यवाही से हटा दिया जाता है। अति सर्वत्र वर्जियेत की कहावत को चरितार्थ करते हुए सत्ता पक्ष और आसंदी द्वारा सदन में नेता प्रतिपक्ष के बोलने पर भी रोक लगा दी जाती है। आम संसद सदस्यों की बात ही क्या है। संविधान ने संसद में सांसदों को विशेषाधिकार प्राप्त है। अब बोलने से पहले प्रमाण प्रस्तुत करने, विषय पर ही बोलने अथवा वह क्या बोले और क्या ना बोले यह तय करने का अधिकार आसंदी के पास नहीं है। पिछले कई वर्षों से विपक्षी दलों के सांसदों को सदन में बोलने नहीं दिया जाता है।

## आज का चिंतन

### कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु

गीता में कहा गया है कि शरीर तो एक पुतला मात्र है इसमें मौजूद आत्मा जीव है। यह जिस शरीर में होता है उस शरीर के गुण, कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु के बाद नया शरीर धारण कर लेता है। आत्मा न तो जन्म लेता है और न इसकी मृत्यु होती है। जब तक आत्मा शरीर में रहती है तब-तक शरीर जीवत रहता है। आत्मा द्वारा शरीर का त्याग करते ही शरीर सड़ने लगता है और इससे बदबू आने लगती है। गरूड़ पुराण में कहा गया है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी काफी समय तक आत्मा शरीर के आस-पास भटकती रहती है। जिस व्यक्ति की मृत्यु आ जाती है और उनका मोह शरीर से लगा रहता है उनकी आत्मा को यमदूत जबरदस्ती खींचकर ले जाते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल में योगी मुनि अपनी इच्छा से योग द्वारा शरीर का त्याग करते थे।



## माय ओपीनियन

■ - सुरेन्द्र शर्मा



# राष्ट्रप्रेम, एकता और जनभागीदारी का महापर्व: हर घर तिरंगा अभियान

तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, स्वतंत्रता, लोकतंत्र और 140 करोड़ भारतीयों के आत्मगौरव का प्रतीक है। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और सपनों की अमूल्य विरासत है।'

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला हर घर तिरंगा अभियान आज देशभर में राष्ट्रप्रेम, एकता और जनभागीदारी का एक महत्वपूर्ण पर्व बन चुका है। यह अभियान केवल घरों पर तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्र के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और गौरव की भावना को मजबूत करने का माध्यम बन गया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ना, स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को याद करना और संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। तिरंगा हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और देश निर्माण की जिम्मेदारी सभी की सामूहिक भागीदारी से ही पूरी हो सकती है।

वर्ष 2022 में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रारंभ हुए हर घर तिरंगा अभियान को देशभर में अभूतपूर्व समर्थन मिला। करोड़ों नागरिकों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और संस्थानों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। इस अभियान ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को एक नई ऊर्जा और व्यापक जनभागीदारी प्रदान की। अब प्रत्येक वर्ष 9 से 15 अगस्त तक देशभर में यह अभियान उत्साह के साथ मनाया जाता है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक जनउत्सव का रूप दे दिया है। तिरंगा यात्राओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को इससे जोड़ा जा रहा है।

भारत अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और क्षेत्रों वाला देश है। इसके बावजूद तिरंगा पूरे देश को एक सूत्र में बांधने वाला सबसे मजबूत प्रतीक है। हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्र के तटों तक, गांवों से लेकर महानगरों तक, हर भारतीय के लिए तिरंगा समान गर्व और सम्मान का विषय है। तिरंगा हमें याद दिलाता है कि हमारी विविधताएं हमारी शक्ति हैं और भारतीयता हमारी सबसे बड़ी पहचान है। यह ध्वज केवल एक राष्ट्रीय प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, आशाओं और संकल्पों का प्रतिनिधित्व करता है।



> भारत के राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा भी संघर्ष, विचार और राष्ट्रभावना से जुड़ी हुई है। वर्ष 1906 में राष्ट्रीय ध्वज का प्रारंभिक स्वरूप सामने आया। वर्ष 1907 में महान स्वतंत्रता सेनानी मैडम भीकाजी कामा ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर फहराकर भारत की स्वतंत्रता की आवाज को विश्व तक पहुंचाया। वर्ष 1921 में पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया, जिसमें भारत की भावनाओं और आदर्शों को स्थान दिया गया था। लंबे विचार-विमर्श और परिवर्तन के बाद 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान स्वरूप वाले तिरंगे को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया। तिरंगे के केंद्र में स्थित अशोक चक्र भारत की प्राचीन संस्कृति, न्याय और निरंतर प्रगति का प्रतीक है।

भारत के राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा भी संघर्ष, विचार और राष्ट्रभावना से जुड़ी हुई है। वर्ष 1906 में राष्ट्रीय ध्वज का प्रारंभिक स्वरूप सामने आया। वर्ष 1907 में महान स्वतंत्रता सेनानी मैडम भीकाजी कामा ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर फहराकर भारत की स्वतंत्रता की आवाज को विश्व तक पहुंचाया। वर्ष 1921 में पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया, जिसमें भारत की भावनाओं और आदर्शों को स्थान दिया गया था। लंबे विचार-विमर्श और परिवर्तन के बाद 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान स्वरूप वाले तिरंगे को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया। तिरंगे के केंद्र में स्थित अशोक चक्र भारत की प्राचीन संस्कृति, न्याय और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। इसकी 24 तीलियां हमें दिन के प्रत्येक घंटे कर्म, अनुशासन और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

हमारे राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंग भारत के मूल विचारों और मूल्यों को दर्शाते हैं। केसरिया रंग साहस, त्याग, बलिदान और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। यह हमें राष्ट्रहित में समर्पण और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता है। सफेद रंग सत्य, शांति और सद्भाव का संदेश देता है। यह समाज में आपसी विश्वास और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। हरा रंग समृद्धि, विकास, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। यह भारत के सतत विकास और उज्ज्वल भविष्य की आशा को दर्शाता है। अशोक चक्र हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए निरंतर कर्म करते रहना आवश्यक है।

हर घर तिरंगा अभियान में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। युवा शक्ति देश का भविष्य है और इस अभियान के माध्यम से उनमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक सोच का विकास हो रहा है। आज की युवा पीढ़ी तिरंगे के माध्यम से अपने इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय मूल्यों को समझ रही है। यह अभियान उन्हें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

आज भारत विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। यह लक्ष्य केवल आर्थिक प्रगति से पूरा नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक नागरिक के कर्तव्यबोध, ईमानदारी और राष्ट्रहित की भावना से ही संभव होगा। हर घर तिरंगा अभियान यही संदेश देता है कि राष्ट्र निर्माण किसी एक संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय का साझा संकल्प है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, समाज के प्रति जिम्मेदार बनते हैं और देश की प्रगति में योगदान देते हैं, तभी एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होता है।

**(लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग के प्रभारी हैं)**

## फोकस

■ -श्रद्धा छेत्री



# मिस्र में आखिर क्यों पूजा जाता था बिल्लियों को

इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद दुनियाभर में बिल्लियों की दुर्दशा के बारे में लोगों को जागरूक करना, साथ ही उन्हें इस खास दिन के मौके पर बहुत सारा प्यार देना, ताकि उनके प्रति और लोग भी आकर्षित हों और समाज बिल्लियों के लिए एक बेहतर जगह बन सके।

हर साल 8 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय बिल्ली दिवस मनाया जाता है। इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर ने छोटे पैंथर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उसे सहायता प्रदान करने और उसका सम्मान करने के लिए 2002 में इस दिन की स्थापना की थी। इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद दुनियाभर में बिल्लियों की दुर्दशा के बारे में लोगों को जागरूक करना, साथ ही उन्हें इस खास दिन के मौके पर बहुत सारा प्यार देना, ताकि उनके प्रति और लोग भी आकर्षित हों और समाज बिल्लियों के लिए एक बेहतर जगह बन सके। अपने रहस्यमय आकर्षण से लेकर अपनी चंचल हरकतों तक, बिल्लियों ने इतिहास और हमारे जीवन में एक विशेष स्थान अर्जित किया है।

अक्सर बिल्लियों को अलग-थलग, शांत, भूखा, संवेदनशील और चिपचिपे छोटे रोएंदार प्राणी के रूप में देखा जाता है। हालांकि, एक बिल्ली कुछ भी हो सकती है। बिल्लियां हमारा तनाव कम करने में मदद करती हैं।जब वे हमारी गोद में बैठती हैं तो वे हमारी जांघों को अच्छी मालिश देती हैं। इस प्रकार हमें अपने जीवन में उनके योगदान को पहचानना और उसकी सराहना करनी चाहिए।

इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर ने पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए 2002 में यह दिन मनाया था। इस दिन का लक्ष्य बिल्लियों को दुर्व्यवहार से बचाना था। 2020 में इस दिन की देखरेख इंटरनेशनल कैट केयर को सौंपी गई। यह ब्रिटिश गैर-लाभकारी संगठन 1958 से घरेलू बिल्लियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। सभी बिल्लियां इतनी अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली या लोगों के साथ विलासितापूर्ण जीवन जीने वाली नहीं होती हैं। कुछ बिल्लियों को आवश्यक देखभाल की जरूरत होती है, जो उन्हें नहीं दी जाती है। उन्हें दुर्व्यवहार भी सहना पड़ता है।इसलिए, यह दिन सिर्फ बिल्ली प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी के लिए महत्वपूर्ण है। यह वह दिन है जब बिल्लियों पर थोड़ा ध्यान दिया जाता है।



बिल्लियां सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से प्रतीकात्मक रही हैं। बिल्लियों का इतिहास बहुत लंबा और दिलचस्प है।मनुष्यों के साथ बिल्लियों के रहने का सबसे पहला ज्ञात प्रमाण 7500 ईसा पूर्व में बहुत पहले जंगली बिल्लियों को पालतू बनाना शुरू हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार, ये बिल्लियां कृंतकों का शिकार करके मनुष्यों को कृषि में मदद करती थीं। जैसे-जैसे मनुष्यों ने खेती करना शुरू किया, बिल्लियां कीट नियंत्रण एजेंटों के रूप में और भी अधिक मूल्यवान हो गईं।

### मिस्र में बिल्लियों को पूजा जाता था

वे प्राचीन मिस्र की संस्कृति में पूजनीय थे।बिल्लियों को देवताओं के रूप में पूजा जाता था। देवी बासेट को एक बिल्ली या बिल्ली के सिर वाली महिला के रूप में चित्रित किया गया था, और बिल्लियों को अक्सर ममीकृत किया जाता था और उनके मालिकों के साथ दफनाया जाता था।अनाज के भण्डारों को चूहों से बचाने के लिए भी बिल्लियों का उपयोग किया जाता था. पुरातत्वविदों ने बिल्लियों सहित मनुष्यों और जानवरों के बीच आध्यात्मिक संबंध का सुझाव देने वाले पुराने साक्ष्य भी खोजे हैं।

### सौभाग्य लाती है बिल्ली!

बाद में बिल्लियां ग्रीस, रोम और चीन सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल गईं। ग्रीस में, बिल्लियों को देवी एथेना से जोड़ा जाता था, और उन्हें अक्सर कला और साहित्य में चित्रित किया जाता था। रोम में, बिल्लियों को कीटों को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता के लिए भी महत्व दिया जाता था।पूरे इतिहास में, बिल्लियां विभिन्न पौराणिक कथाओं और संस्कृतियों में दिखाई देती रही हैं।नॉर्स पौराणिक कथाओं में, प्रेम और प्रजनन क्षमता से जुड़ी देवी फ्रीजा को बिल्लियों द्वारा खींचे जाने वाले रथ के रूप में जाना जाता था।इसके अतिरिक्त, जापानी लोककथाओं में मनेकी-नेको को दर्शाया गया है, एक बिल्ली की मूर्ति जिसके बारे में माना जाता है कि यह सौभाग्य लाती है।

### इस दिन को कैसे मना सकते हैं

किसी आवारा बिल्ली या निकटतम पशु आश्रय स्थल से किसी बिल्ली को गोद लेने से हमें इस दिन को मनाने में मदद मिलेगी. ऐसी बिल्लियां हैं जो खराब मौसम, कार दुर्घटनाओं, मानव दुर्व्यवहार या अन्य आपदाओं के परिणामस्वरूप मर जाती हैं।आपको उनसे प्यार करना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए।एक को अपनाएं और इस दुनिया में उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करें, या अगली बार जब आप किसी आवारा बिल्ली के बच्चे को देखें तो उसके प्रति दयालु बनें। दयालुता का एक छोटा सा कार्य किसी और के जीवन पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है।

## विश्लेषण

■ - ललित गर्ग



# शिक्षा: जान जोखिम में डालने वाली चिन्ताजनक मजबूरियां

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन शिक्षा, नई शिक्षा नीति, आधुनिक विश्वविद्यालय और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसे विषय हमारे विकास के प्रतीक बन चुके हैं। लेकिन इसी भारत की एक तस्वीर ऐसी भी है जो इन सभी उपलब्धियों को कठोर प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में बरसाती उफान के बीच बेतवा नदी को




पार कर स्कूल जाते मासूम बच्चों की तस्वीर केवल एक घटना नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल का आईना है जिसमें चमक अधिक है और संवेदना कम। वास्तव में किसी भी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक मापदंड उसकी गगनचुंबी इमारतें, चौड़ी सड़कें अथवा डिजिटल सुविधाएँ नहीं होतीं, बल्कि यह होता है कि उस देश का सबसे अंतिम, सबसे कमजोर और सबसे गरीब बच्चा कितनी सुरक्षा और सम्मान के साथ शिक्षा प्राप्त कर पा रहा है। यदि किसी बच्चे को विद्यालय पहुँचने के लिए उफनती नदी, बहते नाले, टूटी पुलिया, जर्जर रास्ते या जानलेवा परिस्थितियों का सामना करना पड़े तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा पर भी प्रश्नचिह्न है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रत्येक बच्चे को उसके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन वास्तविकता यह है कि अनेक गांवों में या तो विद्यालय हैं ही नहीं, और यदि हैं भी तो उनमें शिक्षक नहीं हैं। कहीं शिक्षक हैं तो विद्यार्थी नहीं, कहीं भवन हैं तो पढ़ाई नहीं, कहीं भवन ही जर्जर होकर मौत का इंतजार कर रहे हैं। ऊपर से विद्यालयों के समानीकरण की नीति ने अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की दूरी और बढ़ा दी है। परिणामस्वरूप छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन कई किलोमीटर पैदल चलकर, नदियाँ पार कर अथवा जोखिम भरे रास्तों से होकर विद्यालय पहुँचना पड़ता है। विडंबना यह है कि आज हम शिक्षा में तकनीक के बढ़ते प्रयोग पर गर्व कर रहे हैं। स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन परीक्षाएँ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण की चर्चा हो रही है। लेकिन जब बच्चा विद्यालय तक सुरक्षित पहुँच ही नहीं पा रहा, तब यह सारी तकनीकी प्रगति उसके लिए केवल एक दूर का सपना बनकर रह जाती है।

## बात आपके काम की...

### सूर्य, गुरु और बुध का त्रिग्रही योग

अगस्त का महीना ज्योतिषीय दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण परिवर्तनों और शुभ योगों का साक्षी बनने जा रहा है। इसी क्रम में 5 अगस्त को बुध ग्रह का कर्क राशि में गोचर होने के कारण एक परिणामस्वरूप एक अत्यंत प्रभावशाली त्रिग्रही योग का निर्माण हुअ है। इस योग में ग्रहों के राजा सूर्य, देवगुरु बृहस्पति और बुद्धि के कारक बुध ग्रह एक साथ आकर अपनी ऊर्जा का संचार करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहों की यह विशेष स्थिति कुछ चुनिंदा राशियों के जातकों के लिए वित्तीय लाभ, करियर में उन्नति और पारिवारिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली साबित हो सकती है। विशेष रूप से 5 से 17 अगस्त तक का यह समय इन राशियों के लिए बेहद शुभ और फलदायी रहने की उम्मीद है। आइए जानते हैं किन राशियों को इस त्रिग्रही योग से मालामाल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।



**आप भी आमंत्रित** | सम्पादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। आप अपने विचार इस पेज के जरिए अभिव्यक्त कर सकते हैं। अपने विचार-लेख, रचनाएं, पत्र हमें इस ईमेल पर भेजें- ajaybharatmorena@gmail.com

संपादकीय पेज पर प्रकाशित सामग्री पर संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की गरिमामयी उपस्थिति में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और टाटा स्ट्राइव के मध्य एमओयू

## स्थानीय स्तर पर हजारों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर होंगे सृजित
## पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में युवाओं व होमस्टे संचालकों का होगा कौशल उन्नयन

भोपाल।अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड (MPTB) और टाटा स्ट्राइव (Tata STRIVE - टाटा कम्युनिटी इनिशिएटिव्स ट्रस्ट) के मध्य 2 वर्ष की अवधि के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू (MoU) निष्पादित किया गया है, जिसे आवश्यकतानुसार पारस्परिक सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से डायरेक्टर (कौशल) डी. पी. सिंह और टाटा स्ट्राइव की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमेया वंजारी ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण होमस्टे संचालकों की आय में वृद्धि करना, विश्वस्तरीय आतिथ्य मानकों के अनुरूप सेवाएं विकसित करना तथा स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार



और स्वरोजगार के नए अवसर निर्मित करना है।इस अवसर पर सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैयाराजा टी उपस्थित रहे।

इस साझेदारी के प्राथमिक हितग्राही ग्रामीण होमस्टे संचालक, स्थानीय युवा और पर्यटन सेवा प्रदाता होंगे। इस समझौते के माध्यम से पर्यटन निगम के होटलों और निजी क्षेत्र के अन्य होटलों के लिए कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर हजारों युवाओं को आतिथ्य एवं पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार व स्वरोजगार निर्मित करने में मदद मिलेगी, जिससे प्रदेश का ग्रामीण पर्यटन इकोसिस्टम और अधिक मजबूत होगा।

एमओयू के प्रथम चरण के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन एवं होमस्टे इकोसिस्टम के लगभग 1,000 हितग्राहियों को 'पूर्व अधिगम की मान्यता' (RPL) और अपस्किलिंग (कौशल उन्नयन) का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके तहत होमस्टे संचालन, डिजिटल बुकिंग व OTA प्लेटफॉर्म्स का उपयोग, फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, स्थानीय व्यंजन, फूड एंड बेवरेज, गाइडिंग, सुरक्षा, स्वच्छता, सतत पर्यटन और राजस्व प्रबंधन जैसे व्यावहारिक विषयों को शामिल किया गया है। आगामी चरणों में स्वक्रश्रष्ट होटल एवं रिसॉर्ट स्टाफ हेतु रिफ्रेशर प्रशिक्षण तथा राज्य के युवाओं का आतिथ्य क्षेत्र में कौशल विकास किया जाएगा।

वित्तीय दृष्टिकोण से यह अनुबंध राज्य सरकार के लिए अत्यधिक लाभकारी है, क्योंकि MPTB द्वारा टाटा स्ट्राइव को प्रशिक्षण संचालन हेतु किसी भी राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षकों की उपलब्धता, उनका मानदेय तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल के विकास का संपूर्ण व्यय टाटा स्ट्राइव द्वारा वहन किया जाएगा, जबकि MPTB केवल प्रशिक्षण स्थल और प्रशिक्षकों व प्रशिक्षुओं के लिए आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत सभी सफल हितग्राहियों को IHCL-Tata STRIVE एवं MPTB द्वारा संयुक्त रूप से उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी व्यावसायिक साख और स्वरोजगार की क्षमताओं में वृद्धि होगी।

ज्योतिरादित्य सिंधिया का दिखा दिल जीतने वाला अंदाज

# श्रीलंका टेस्ट से पहले ऑलराउंडर सारांश को पहुंचा सरप्राइज कॉल

इंदौर।अजयभारत न्यूज

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चयनित इंदौर के युवा ऑलराउंडर सारांश जैन की उपलब्धि पर पूरे मध्य प्रदेश में उत्साह का माहौल है। इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वीडियो कॉल कर उन्हें बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दोनों के बीच हुई आत्मीय बातचीत का वीडियो खुद सिंधिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है, जो अब जी से वायरल हो रहा है।

वीडियो कॉल के दौरान सिंधिया ने सारांश से कहा, 'बहुत-बहुत बधाई। 11 साल की कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद तुम्हें यह मुकाम मिला है। एमपीसीए का एक युवा खिलाड़ी भारतीय टीम तक पहुंचा है, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।'उन्होंने आगे कहा कि 15 अगस्त को होने वाला उनका पहला टेस्ट मैच बेहद खास होगा। 'शुभमन गिल की कप्तानी में तुम्हारा मेडन टेस्ट स्वतंत्रता दिवस के दिन है। देश के तिरंगे के साथ एमपीसीए और डाक विभाग का भी नाम रोशन करना।




### चारों तरफ से तुम्हारे साथ हूं

बातचीत के दौरानसारांश ने सिंधिया का आभार जताते हुए कहा कि वे एमपीसीए से भी जुड़े रहे हैं और केंद्रीय संचार मंत्री के रूप में भी उनका मार्गदर्शन मिल रहा है, इसलिए वे 'दोनों तरफ से' उनके गार्जियन हैं। इस पर सिंधिया ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'मैं दो तरफ से नहीं, चारों तरफ से तुम्हारे सपोर्ट में हूँ। इंदौर आऊंगा तो जरूर मुलाकात करेंगे।'

### पिता के संघर्ष ने बढ़ाया हौसला

सारांश जैन ने अपनी इस सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने पिता को दिया। उन्होंने बताया कि जब उनके पिता मुंह के कैंसर से जूझ रहे थे, तब भी उन्होंने बेटे के क्रिकेट करियर में कभी रुकावट नहीं आने दी। कठिन परिस्थितियों में भी पिता ने लगातार उनका मनोबल बढ़ाया और हार न मानने की सीख दी। उसी प्रेरणा की बदौलत आज वह भारतीय टेस्ट टीम की जर्सी पहनने का सपना पूरा कर सके हैं।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन

## मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति समिति एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हुआ

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

शुक्रवार को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति समिति एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) में हुआ । इस कार्यक्रम में 166 विद्यालयों का पंजीकरण किया गया था जिसमें से 117 विद्यालयों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की । प्रत्येक विद्यालय से तीन छात्र एवं एक शिक्षक उपस्थित हुए । प्रातः 8:30 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई, प्रथम चरण में प्रातः 10:00 से 12:00 तक लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ इसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें मध्य प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गये । भोजन के पश्चात दोपहर 2:00 बजे लिखित परीक्षा परिणाम घोषित कर टॉप 6 टीमों का मल्टीमीडिया क्विज हेतु चयन किया गया । द्वितीय चरण




दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें ऑडियो एवं वीडियो के द्वारा प्रश्न पूछे गए। बीच-बीच में ऑडियंस से भी प्रश्न पूछे गए एवं ऑडियंस ने भी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया अंत में जिले की विनर 3 टीमों का चयन किया गया एवं बाकी की तीन टीम रनर अप के रूप में चुनी गई। जिले में प्रथम विनर टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीडी नगर माडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पागन वीसी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम रामकृष्ण विद्या मंदिर ,चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम सीएम राइस बेरजा मुरार ,पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली टीम आर्मी पब्लिक स्कूल, छठा स्थान प्राप्त करने वाली टीम सेंट जॉन वेनी स्कूल रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटीटीएम के नोडल अधिकारी डॉक्टर सौरभ दीक्षित, प्रोफेसर चंद्रशेखर बरुआ, अनुपम शर्मा परियोजना अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी DATCC , जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक श्रीमती पुष्पा ढोडी, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुश्री अपर्णा कुशवाहा ,क्विज मास्टर महेंद्र कुशवाहा एवं उनकी टीम, समस्त शिक्षक गण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज में विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान का दम

## कलेक्टर ने विजेता टीमों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित





मुरैना।अजयभारत न्यूज

मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की 53 टीमों ने भाग लेकर मध्यप्रदेश की पर्यटन, संस्कृति, इतिहास एवं पुरातात्विक धरोहरों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। लिखित परीक्षा एवं मल्टीमीडिया क्विज के विभिन्न चरणों के बाद विजेता टीमों की घोषणा की गई। प्रथम स्थान पर शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सबलगढ़ की 'मितावली' टीम, द्वितीय स्थान पर अशा. किड्स स्कूल सबलगढ़ की 'ककनमठ' टीम तथा तृतीय स्थान पर एम.एल.डी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बाह 'पढ़ावली' टीम रही। इसके अतिरिक्त उपविजेता टीम में चतुर्थ स्थान पर डी.पी.एस. अंबाह की 'बटेश्वर' टीम, पंचम स्थान पर शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बाह की 'संग्रहालय' टीम तथा षष्ठम स्थान पर सांदीपनि विद्यापीठ, सबलगढ़ की 'शनिचरा' टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पर्यटन क्विज जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराती हैं, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। प्रतियोगिता का प्रभावी संचालन क्विज मास्टर डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. अशोक कुमार शर्मा, धीरज कुमार शर्मा, अजय सिंह तोमर एवं श्री दिव्यब्रत शर्मा ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। वहीं स्कोरिंग एवं परिणाम संकलन का दायित्व अभय सिंह, अशोक कुमार शर्मा माता बसिया सी अशोक कुमार शर्मा शहरियन का पुरा ने सफलतापूर्वक निभाया। सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं सहयोगियों के समन्वित प्रयासों से प्रतियोगिता का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अच्छे अंक प्राप्त करने में शुद्ध लेखन की महत्वपूर्ण भूमिका : कुशवाह



अजय भारत न्यूज

**जौरा,(कासं)** । बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते समय हमें अनेक बिंदुओं पर विचार करना चाहिए, अच्छे अंक सिर्फ कठिन परिश्रम से नहीं आते हैं अच्छे अंक प्राप्त करने में शुद्ध लेखन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है । हमें सभी पहलुओं पर समान रूप से गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए ।छात्र-छात्राओं के जीवन में जितना महत्व मानसिक स्वास्थ्य का है उतना ही महत्व शारीरिक स्वास्थ्य का भी होता है मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमारा शारीरिक रूप से स्वस्थ होना बहुत जरूरी है और प्रतिभावान बनने के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ होना महत्वपूर्ण है यह बात एच एल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों को संबोधित करते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जौरा के प्राचार्य श्री शैलेंद्र कुशवाहा जी ने कही । उनके साथ में जन शिक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा जी भी मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन विश्व शांति दूत स्वर्गीय डॉक्टर एस एन सुब्बाराव स्मृति बाल आनंद उत्सव समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद एल एन त्यागी ने किया, इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दुष्यंत कुमार शर्मा सहित कक्षा 6 से 10वीं तक के सैकड़ो बालक बालिकाएं उपस्थित थे कार्यक्रम में अतिथियों को भाई जी स्मृति बाल आनंद महोत्सव की स्मारिका एवं भाई जी के प्रेरणा गीतों की किताब भी भेंट की गई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिका प्रिया बाथम को भी प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया ।

# शैलेन्द्र शैली की स्मृति में शामिंल हुई : पूर्व सांसद वृंदा करात

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

मार्क्सवादी विचारक छात्र नेता स्वर्गीय शैलेंद्र शैली की स्मृति में बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद वृंदा करात ने कहा कि भारत और भारत की जनता हमेशा साम्राज्यवाद के खिलाफ रही है।

पहली बार ऐसा हो रहा है। केन्द्रीय सरकार साम्राज्यवाद के सामने घुटने टेक कर खड़ी हुई है ।आज की दुनिया और भारत विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आज की दुनिया दो तरह की हो गई है एक तरफ कॉरपोरेट और बड़े पूंजीपति कहा जाता है और जो मुनाफे के लिए मजदूरो,किसानों की मेहनत को लूट लेना चाहती है। जबकि भारत मजदूरो और किसानो मेहनतकशों का देश है।

उन्होंने फिलिस्तीन का जिक्र करते हुए कहा मानवता की हत्या कर दी गई है हजारों लोगों को मौत के घाट उतार दिया मासूम बच्चों




को बमों से उड़ा दिया गया इन बच्चों का हत्यारा इसराइल और उसका राष्ट्रपति मासूम बच्चों के खून से हाथ रंगे हुए उन हाथों को पकड़े हमारे देश के प्रधानमंत्री ने कहा कि तुम फादर लैंड हो और भारत को मदरलैंड कहा इससे ज्यादा घिनौना और कुछ हो ही नहीं सकता है,वृंदा करात ने जेन जी के आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा उनकी एकमात्र मांग थी एक मंत्री का स्तीफा मगर वो झुकने के लिए तैयार नहीं थे। जनता, छात्रों ने यह बता दिया है कि तुम कितनी भी लाठी, गोली चलाओ भारत में आज भी लाखों करोड़ों लोग हैं जो झुकने के लिए तैयार नहीं है।

तुम अमेरिका के सामने घुटने टेक दो तुमने अमेरिका के साथ जो व्यापार डील की है, किसानों को बर्बाद करने वाली उस डील का व्याख्या करते हुए कहा की अकेला किसान ही नहीं दवा के क्षेत्र में हमारे देश के सामने खतरा खड़ा हो गया है।

ग्वालियर के प्रख्यात छात्र नेता मार्क्सवादी विचारक शैलेंद्र शैली की स्मृति में हुए इस आयोजन की अध्यक्षता रिटायर जिला जज रतन कुमार वर्मा ने की विषय प्रवर्तन किसान नेता जसविंदर सिंह ने किया जसविंदर सिंह ने विषय प्रवर्तन के दौरान जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह का नेगेटिव तैयार किया जा रहा है कि हम विश्व गुरु हो गए हैं जबकि ये कैसा विश्व गुरु है जो अपने दोस्तों से तेल नहीं खरीद सकता है अपने दोस्तों पर हुए हमले पर निंदा नहीं कर सकता जबकि सच यह है कि भारत को उन्होंने आज इस स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि जिसे दुनिया लोहा मानने लगी थी उसे साम्राज्यवाद के सामने घुटने टेक कर दयनीय स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद भगवान दास सैनी ने किया सभी ने शैलेंद्र शैली अमर रहे के नारे लगाए और उनके चित्र पर माल अर्पण किया। ग्वालियर नगर निगम पूर्व पार्षद रामविलास गोस्वामी शैलेंद्र शैलेंद्र शैली व्याख्यान माला समिति ग्वालियर में शामिल हुए सभी का आभार व्यक्त किया ।

# रहन-सहन और खान-पान पर नियंत्रण से बच्चों को वायरल बीमारियों से बचा सकते हैं: डॉ. ए.डी. शर्मा

## बीसीए परिसर में विद्यार्थियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सक ने दिए बचाव के उपाय

अम्बाह।अजयभारत न्यूज

बीसीए परिसर में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.डी. शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें मौसम के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया।

इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने वर्तमान मौसम में फैल रहे वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, खांसी एवं पेट संबंधी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि रहन-सहन और खान-पान में थोड़ी सावधानी रखकर बच्चों को कई मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि यदि बच्चा वायरल बुखार या अन्य संक्रमण से पीड़ित है तो उसे स्कूल नहीं भेजना चाहिए,



ताकि संक्रमण दूसरे बच्चों तक न पहुंचे।

### बच्चों के खान-पान पर रखें विशेष ध्यान

डॉ. ए.डी. शर्मा ने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को अत्यधिक ठंडा फ्रिज का पानी, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, बाजार की चाट-पकौड़ी और अधिक तले-भुने खाद्य पदार्थ देने से बचें। ऐसे खाद्य पदार्थों से गले में संक्रमण, टॉन्सिल, खांसी और डायरिया जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। उन्होंने बच्चों को घर का बना ताजा एवं गर्म भोजन देने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि बच्चों को बार-बार साबुन से हाथ धुलवाएं तथा स्कूल से घर आने के बाद हाथ-पैर साफ करने की आदत डालें। पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पिलाएं। भोजन में हरी सब्जियां, फल, दूध और दालें शामिल करें, जिससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर बनी रहे। वर्तमान में वायरल संक्रमण को देखते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे को बुखार, उल्टी, दस्त, तेज सर्दी-खांसी या शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें और स्वयं से दवा न दें। डॉ. शर्मा ने कहा कि 'बचाव ही सबसे बड़ा इलाज है।' नियमित दिनचर्या, पौष्टिक भोजन, स्वच्छता और समय पर चिकित्सकीय परामर्श से बच्चों को मौसमी बीमारियों से काफी हद तक बचाया जा सकता है। विद्यालय के संचालक एवं समाजसेवी डॉ. सुधीर आचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों का स्वास्थ्य उनकी सफलता का आधार है। विद्यालय द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन जारी रहेंगे। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रगति शर्मा ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिए डॉ. ए.डी. शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# पोरसा में बिजली कंपनी का संपर्क शिविर आयोजित

## 26 से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

धर्मवीर पचौरी

**पोरसा** । विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से बिजली कंपनी द्वारा वार्ड नं 10 के विजय पैलेस में विशेष संपर्क अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 26से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा लगभग 52हजार रुपये की राजस्व वसूली भी की गई।

शिविर में उपभोक्ताओं द्वारा नवीन विद्युत कनेक्शन, बिजली बिल, खराब केबिल तथा मीटर संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से रखी गईं। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं




की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका तत्काल समाधान किया।

कार्यक्रम में डीई उमेश विश्वकर्मा, एई इंद्रेश्वर सिंह तथा जेई विवेक प्रताप भदौरिया उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करते हुए नई विद्युत केबिल एवं नवीन मीटर लगाए जाने का आश्वासन भी दिया। शिविर के दौरान बिजली कंपनी के कर्मचारी देवेन्द्र कुशवाहा जितेन्द्र शर्मा, रामप्रताप सिंह तोमर,,सोनू सिंह तोमर, विजय सिंह तोमर, सतेंद्र सिंह, अभय तोमर, हरिओम, कुलदीप सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने बिजली कंपनी द्वारा लगाए गए इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संपर्क अभियान से उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और मौके पर ही राहत मिल जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धा का सरोवर या मौत का तालाब?

#### गौरी सरोवर में फिर मरीं हजारों मछलियां, प्रशासन मौन



**भिण्ड।** गौरी सरोवर एक बार फिर मरी हुई मछलियों से पट गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी वही दर्दनाक तस्वीर सामने आई, लेकिन न जिला प्रशासन जागा और न ही नगर पालिका। सवाल यह है कि आखिर हर साल होने वाली इस घटना का स्थायी समाधान क्यों नहीं खोजा जाता? गौरी सरोवर केवल एक तालाब नहीं, बल्कि शहरवासियों की आस्था का केंद्र है। यहां लोग धार्मिक श्रद्धा से मछलियों को दाना खिलाने आते हैं और उन्हें जीव संरक्षण का प्रतीक मानते हैं। लेकिन कुछ ही दिनों बाद जब वही मछलियां तड़प-तड़प कर मरती दिखाई देती हैं, तो श्रद्धालुओं की भावनाएं गहराई से आहत होती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जीवों की इस तरह सामूहिक मौत महज एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि महापाप जैसी स्थिति है। यदि हर वर्ष यही घटना दोहराई जा रही है, तो आखिर इसकी असली वजह क्या है? पानी में ऑक्सीजन की कमी, प्रदूषण, गाद, सीवेज या कोई अन्य कारणकृआज तक कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया। शहरवासियों का आरोप है कि नगर पालिका केवल मरी हुई मछलियों को हटाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती है, जबकि समस्या की जड़ तक पहुंचने और स्थायी समाधान निकालने की गंभीर कोशिश कभी दिखाई नहीं देती। अब सवाल यह है कि क्या गौरी सरोवर की मछलियां हर साल इसी तरह दम तोड़ती रहेंगी? क्या श्रद्धा का यह केंद्र प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता रहेगा? और क्या जिला प्रशासन इस बार भी केवल तमाशबीन बना रहेगा, या फिर इस दर्दनाक सिलसिले को हमेशा के लिए रोकने का ठोस कदम उठाएगा?

### तालाब में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत



**भिण्ड।** बरोही थाना क्षेत्र के अमलेड़ा गांव में तालाब में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्णा पुत्र जगमोहन धानुक निवासी अमलेड़ा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कृष्णा गुरुवार शाम पशु चराने के लिए गया था। इसी दौरान वह तालाब में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किशोर की तलाश शुरू की। बाद में उसका शव तालाब से बरामद किया गया। घटना की सूचना बरोही थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। किशोर की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### कोर्ट रोड सब्जी मंडी में यातायात पुलिस की कार्रवाई, पार्किंग में खड़े हाथ ठेले हटवाए



**शिवपुरी।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति के मार्गदर्शन में यातायत प्रभारी रणवीर यादव के द्वारा कार्यवाही की गई। जिसमें यातायात पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट रोड स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पार्किंग स्थल पर खड़े हाथ ठेलों को हटवाया। यातायात प्रभारी रणवीर यादव ने बताया कि कई हाथ ठेले निर्धारित पार्किंग स्थल पर लगाए जा रहे थे। इसके कारण सब्जी खरीदने आने वाले वाहन चालकों को पार्किंग नहीं मिल पाती थी और वह अपने दोपहिया एवं चारपहिया वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते थे। इससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती थी। कार्रवाई के दौरान हाथ ठेला संचालकों को समझाइश देते हुए पार्किंग स्थल खाली रखने के निर्देश दिए गए। यातायात प्रभारी रणवीर यादव ने स्पष्ट किया कि शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। यदि कोई व्यक्ति पार्किंग स्थल पर अतिक्रमण कर यातायात में बाधा उत्पन्न करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमा और हर्षोल्लास से मनाया जाए : कलेक्टर

#### जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**शिवपुरी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य, गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण आयोजन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की रूपरेखा तय करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश एवं दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड, शिवपुरी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट एवं देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों में प्रातः 8 बजे तक कार्यालय प्रमुखों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना सुनिश्चित किया जाए एवं नियत समय पर ध्वज उतारने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित किया कि सभी प्रमुख सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर रोशनी की जाए। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित मुख्य अतिथि की आगवानी तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए गए हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम देश की सभ्यता, संस्कृति और देशभक्ति से ओत-प्रोत हों। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम भी तैनात की जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में अभी तक 313.82 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शिवपुरी।** जिले में 01 जून 2026 से अभी तक 313.82 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 1043.54 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1585.86 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अभी तक शिवपुरी में 401.80 मि.मी., बैरा? में 232 मि.मी., पोहरी में 392 मि.मी., नरवर में 353 मि.मी., करैरा में 357.60 मि.मी., पिछोर में 262 मि.मी., कोलारस में 331 मि.मी., बदरवास में 286.50 मि.मी. तथा खनियाधाना में 208.50 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# कलेक्टर ने जनविश्वास अभियान अंतर्गत हरीक्षा में किया जनसंवाद

## विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानी जमीनी हकीकत
## कीचड़ भरे मार्ग से पैदल पहुंचकर किया माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण

भिण्ड। अजयभारत न्यूज






मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के पहले दिन कलेक्टर ने हरीक्षा के निर्माणाधीन पंचायत भवन में ग्रामवासियों से जनसंवाद किया और उनकी समस्याएं जानी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपस्थित ग्रामीणों की शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर आज ही दर्ज की जाएं। उन्होंने ग्राम सरपंच और पंचायत सचिव से पीएम आवास योजना सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राशन दुकान की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों की प्रतिक्रिया जानी, जिसपर ग्रामीणों ने बताया कि सभी को सही वजन का राशन समय पर मिलता है।

कलेक्टर ने ग्रामवासियों को बताया कि ग्राम पंचायत के सीमित संसाधन होने के कारण ग्राम सभा से प्राथमिकता तय करवाकर पुल-पुलिया, सड़क और अन्य विकास कार्य करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य टिकाऊ होना चाहिए, जिसके लिए ग्राम सभा की निगरानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरीक्षा के पंचायत भवन का गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाए, जिससे ये भवन न्यूनतम 50 वर्ष तक खराब न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नए पंचायत भवन में सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के संबंध में पेंटिंग की जाए।

कलेक्टर ने ग्रामीणों को प्रेरित किया कि वे ग्राम के पक्के मुख्य मार्ग पर अत्याधिक कीचड़ की समस्या निवारण के लिए ग्राम पंचायत के साथ मिलकर मिट्टी हटाएं। उन्होंने कहा कि सड़क पर गोबर फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए, और इसे खेत में ही डालने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के नेतृत्व में ग्रामीण अपने गांव को नशामुक्त बनाने के प्रयास करें।

कलेक्टर ने हरीक्षा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर अपनी टीम सहित निर्माणाधीन पंचायत भवन से विद्यालय तक कीचड़ भरे मार्ग से पैदल पहुंचे जिससे ग्रामवासियों और विद्यार्थियों की कठिनाइयों को बेहतर समझ सकें। उन्होंने शिक्षण की गुणवत्ता जांचने के लिए विद्यार्थियों से पहाड़े और अन्य प्रश्न पूछे तथा शिक्षकों से पुस्तक, गणवेश, पानी जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में पानी की टंकी की व्यवस्था करने और पुराने जीर्णशीर्ण विद्यालय भवन को गिरवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय के समीप स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आंगनवाड़ी केंद्र हरीक्षा-2 का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम मेहगांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 का हुआ शुभारंभ, पीएम श्री शास.उ.उ.मा.वि. गोरमी में आयोजित हुआ जनसंवाद शिविर





## पात्र हितग्राहियों को त्वरित मिला योजनाओं का सीधा लाभ
## 150 प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण

भिण्ड। अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानदृ2026 के अंतर्गत आज पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय गोरमी में जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना, जन-शिकायतों का त्वरित निराकरण करना तथा शासन एवं नागरिकों के मध्य विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

कलेक्टर ने शिविर के दौरान जनता की समस्या सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। शिविर में उपस्थित नागरिकों के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार कर लिए गए और कई मामलों का समाधान कर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भिण्ड, डीएफओ, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम मेहगांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर त्वरित समाधान के निर्देश**

कलेक्टर भिण्ड ने पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय गोरमी में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देशित कर कहा कि शिविर के दौरान पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों के वितरण की कार्रवाई की जाए। छूटे हुए लोगों की समग्र ई-केवायसी करने, संबल योजना पंजीयन, अनुग्रह सहायता, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खाद्यान्न पर्ची सहित अन्य आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राही को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और ग्राम से लेकर जिले तक समग्र विकास सुनिश्चित हो।

**150 प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण**

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कुल 328 आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमें से 150 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतकर्ताओं की बड़ी संख्या में व्यक्तिगत रूप से सुनवाई कर उनके संतुष्टिपूर्ण निराकरण के प्रभावी प्रयास किए गए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 190 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त 36 आभा आईडी, 14 आयुष्मान कार्ड, 56 अपार आईडी, 05 आधार अद्यतन तथा 33 समग्र ई-केवाईसी कर निराकरण किया गया।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन कर दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश



शिवपुरी। अजयभारत न्यूज

दूरसंचार वाहिनी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दूरसंचार वाहिनी के कर्मियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ राष्ट्रगीत का गायन किया। इस अवसर पर संस्थान के डीआईजी राजीव लोचन शुक्ल ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, समर्पण और गौरव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने तथा युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा भविष्य में भी राष्ट्रहित, सामाजिक जागरूकता एवं जनसेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में राष्ट्रीय चेतना और सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।

### विधायक कैलाश कुशवाह ने पत्रकार मणिकांत शर्मा के निवास पर पहुंच जताई शोक संवेदना

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज



बीते कुछ दिनों पूर्व पत्रकार साथी मणिकांत शर्मा की चचेरी बहिन अनीता शर्मा का गत दिवस रेल दुर्घटना में आकस्मिक निधन होने से मृत्यु हो गई थी। इस दुःखद घटना को लेकर पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह कमलागंज स्थित पत्रकार मणिकांत शर्मा के निवास पर पहुंचे और अपनी गहन शोक संवेदना व्यक्त की साथ ही शोक संतृप्त परिवार को संबल प्रदान करते हुए दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान हुए घटनाक्रम को लेकर मणिकांत शर्मा के द्वारा विधायक कैलाश कुशवाह को विस्तृत जानकारी प्रदान की और आकस्मिक दुर्घटना की जानकारी मिलने पर विधायक ने हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# मुरैना में 9 अगस्त को सजेगा चिकित्सकों का महाकुंभ

## भव्य मेडिसिन अपडेट चम्बल 2026 सम्मेलन का होगा आयोजन







मुरैना। अजयभारत न्यूज

चंबल अंचल के चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक और गौरवशाली अध्याय जुड़ने जा रहा है। आगामी 9 अगस्त 2026 को मुरैना में 'Medicine Update Chambal 2026' के तहत एक दिवसीय भव्य वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित महाकुंभ में देश और प्रदेशभर के नामी-गिरामी वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर जुटेंगे, जो मेडिकल साइंस के नए आयामों पर मंथन करेंगे।

आयोजन समिति ने मुरैना, ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी, दतिया और चंबल संभाग के आसपास के सभी क्षेत्रों के चिकित्सकों से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक एकेडमिक कॉन्फ्रेंस में भारी संख्या में भाग लें।आयोजकों का पूर्ण विश्वास है कि यह सम्मेलन चंबल क्षेत्र में मेडिकल एजुकेशन को एक नई दिशा देगा और ज्ञान, क्लिनिकल अनुभव तथा नवीनतम मेडिकल अपडेट्स के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच साबित होगा।

**सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य: चिकित्सा के क्षेत्र में नई क्रांति**

इस एक दिवसीय भव्य सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चंबल अंचल के चिकित्सकों को मेडिकल साइंस की दुनिया में हो रहे नवीनतम शोध , एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन और आधुनिक उपचार तकनीकों से रूबरू कराना है।इसके साथ ही, इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उपचार दिशानिर्देशों को साझा करना है, ताकि चंबल क्षेत्र के आम मरीजों को महानगरों की तर्ज पर उच्च गुणवत्तापूर्ण और पूरी तरह अपडेटेड हेल्थकेयर सेवाएं मिल सकें।

**दिग्गजों के हाथों में कमान**

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं:

* ऑर्गनाइजिंग चेयरमैनः डॉ. विवेक राठी
* पेट्रन्सः डॉ. मुनीष गुप्ता एवं डॉ. के. के. गुप्ता
* ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरीजः डॉ. राघवेन्द्र यादव एवं डॉ. योगेश तिवारी
* साइंटिफिक सेक्रेटरीः डॉ. आदित्य पंजाबी
* आई एम ए मुरैना अध्यक्ष - डॉ. ए. के. गुप्ता, सचिव - डॉ. राहुल गुप्ता

**देश-प्रदेश के ये प्रतिष्ठित विशेषज्ञ बढ़ाएंगे शोभा**

सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित देश के कई अन्य प्रतिष्ठित शहरों से चिकित्सा क्षेत्र के दिग्गज स्पीकर्स के रूप में शिरकत करेंगे। भोपाल से प्रो. डॉ. नर्मदा पटेल, डॉ. भूपेन्द्र रात्रे, डॉ. मयूर अग्रवाल, डॉ. प्रॉमिस जैन,ग्वालियर से प्रो. डॉ. दिनेश उदैनिया, प्रो. डॉ. पुनीत रस्तोगी, प्रो. डॉ. अजय गौर, प्रो. डॉ. वृंदा जोशी, डॉ. नवनीत अग्रवाल, डॉ. विवेक रंजन, डॉ. रोहित खंडेलवाल, डॉ. मुकेश चंगुलानी, जबलपुर सेः डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव,इसके साथ ही अन्य प्रमुख शहरों से डॉ. विनय अग्रवाल (आगरा), डॉ. अक्षत पांडे (इंदौर), डॉ. वैभव वांदिल (मुरैना)।

**इन गंभीर और ज्वलंत विषयों पर होगी विशेष चर्चा**

सम्मेलन के दौरान कई अत्याधुनिक और महत्वपूर्ण चिकित्सा विषयों पर साइंटिफिक लेक्चर्स, केस-बेस्ड डिस्कशंस और गहन विचार-विमर्श होगा

* कार्डियोलॉजी एवं मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी
* डायबिटीज और ओबेसिटी (मोटापे से जुड़ी समस्याएं)
* न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के आधुनिक पहलू
* रुमेटोलॉजी और एपिलेप्सी (मिर्गी) के उपचार
* ईसीजी की बारीकियां और डेंगू के बदलते स्वरूप
* डिजिटल युग में इंटरनेट और मोबाइल एडिक्शन जैसी आधुनिक मानसिक समस्याएं

# मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम झुंडपुरा से हुआ शुरु

## कलेक्टर जांगिड़ ने लोगों से जन संवाद कर धैर्य से सभी की समस्याओं को सुना

**झुण्डपुरा। अजय भारत न्यूज़**

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा जिले में जनसंवाद शिविरों का रोस्टर जारी किया गया था । अभियान का आयोजन शुक्रवार को झुंडपुरा में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर किया गया। शुक्रवार को दोपहर में संभागायुक्त सुरेश कुमार, जिलाधीश लोकेश कुमार जांगिड़ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और कस्बे का मुआयना करने निकले तथा शासकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे । इस क्रम शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय गढ़ी का निरीक्षण किया और छात्र छात्राओं से सीधे संवाद किया और शैक्षणिक गुणवत्ता परखी और बच्चों का उत्साह वर्धन कर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए।औचक निरीक्षण के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और मौजूद लोगों से जन संवाद किया और धैर्य से सभी की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर समाधान कराया।



**एस डी एम तहसीलदार पुलिस ने संभाली व्यवस्था**

कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी होती दिखी तब एस डी एम मेघा तिवारी तहसीलदार सबलगढ़ रवीश भदौरिया थाना प्रभारी ऋषिकेश शर्मा अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी एवं सी एम ओ अशोक कुमार उपयंत्री संदीप त्यागी ने व्यवस्था संभाली और लोगों को समस्याओं के निराकरण का विश्वास दिलाकर जनसंवाद में सहयोग किया।



**लोगों में रहा भारी उत्साह**

जनसंवाद शिविर को लेकर स्थानीय लोगों सहित अन्य गांवों के लोगों में भारी उत्साह देखा गया लोगों अपनी समस्याओं को लेकर सुबह 9 बजे से ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए और कलेक्टर महोदय के आने का इंतजार करते नजर आए। अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखकर निराकरण से संतुष्ट नजर आये।

**कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़**

कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे जिनके बैठने के लिए भी पर्याप्त जगह और कुर्सियां नहीं लगाई गई भीषण गर्मी और उमस से भारी परेशान रहे।

लोगों ने समस्या निवारण को दिए आवेदन पूर्व पार्षद नरेंद्र देव रविकर ने दान की गई विल्डिंग में उपतहसील शुरू करने की मांग की साथ सबसे अधिक आवेदन नगरपालिका एवं बिजली विभाग के आये।

कार्यक्रम स्थल पर संभागायुक्त सुरेश कुमार जिलाधीश लोकेश कुमार जांगिड़ पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गोपाल भार्गव अनुविभागीय अधिकारी मेघा तिवारी तहसीलदार रवीश भदौरिया जिला शिक्षा अधिकारी बी एस इदोलिया,डी पी सी हरीश तिवारी सी एम एच ओ पद्मेश उपाध्याय जिला कार्यक्रम अधिकारी ओ पी पाण्डेय ब्लाक शिक्षा अधिकारी पी एल डंडोतिया सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जौरा की रेल समस्याओं के समाधान की दिशा में बड़ी पहल

**7 अगस्त की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से प्रस्तावित मुलाकात स्थगित, जल्द तय होगा नया समय**

**अजय भारत न्यूज**

**जौरा,(का,सं)** । जौरा की वर्षों पुरानी रेल एवं मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान की उम्मीद अब और मजबूत हुई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष सौजन्य से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के बीच 7 अगस्त को प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। श्री माहेश्वरी ने बताया कि शीघ्र ही नई तारीख तय होगी और इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। श्री माहेश्वरी ने विगत दिवस विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट कर जौरा की रेल लाइन से जुड़ी सड़क, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया गया। श्री तोमर ने जौरा के चहुंमुखी विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इधर, झांसी मंडल रेलवे के उच्चाधिकारियों द्वारा जौरा का स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं और तकनीकी समाधान का जायजा लेना भी सकारात्मक पहल माना जा रहा है। आगामी दिल्ली बैठक में रेलवे लाइन के दोनों ओर सड़कों, नाले-नालियों, सुगम आवागमन और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्ताव प्रमुखता से रखे जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के समन्वित प्रयासों से जौरा की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की उम्मीद अब नई दिशा में बढ़ रही है।



# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का हुआ शुभारंभ

## 8 जनवरी 2027 तक आयोजित होगा अभियान
## शिविर में हितग्राहियों की सुनी समस्या शिकायतों का किया जाएगा निराकरण

**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**

संचनालय नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश अनुसार 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का संचालन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किया जायेगा ।

शुक्रवार को नगर निगम के टाउन हॉल में जन विश्वास अभियान के तहत स्टॉल लगाए गए स्टाल में जनकल्याणकारी योजना के हितग्राहियों की समस्या सुनकर सी एम हेल्प लाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों का निराकरण भी अभियान अंतर्गत किया जाएगा अभियान का नोडल अधिकारी नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर लाल सिंह डोडिया को बनाया गया है नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज चिन्हित शिकायतकर्ताओं से संवाद किया जाएगा तथा उनकी समस्या को निराकरण किया जायेगा समस्याओं का निराकरण उपरांत समीक्षा भी की जायेगी साथ ही साथ जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे विकास कार्य और शासकीय योजनाओं की प्रगति की समस्या भी अभियान अन्तर्गत की जायेगी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी स्थापित कर उनकी सहभागिता को बढ़ाया जायेगा । यह अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक आयोजित किया जायेगा अभियान अन्तर्गत शासन भोपाल से नियुक्त अधिकारी शहर वार्ड भ्रमण करेंगे और जनता की समस्या शिकायतों को सुनेंगे ।




# धर्म का सार आत्मा को पहचानना और प्रत्येक जीव के प्रति करुणा रखना है : कथा वाचक पं. जितेंद्र उपाध्याय

## संगममति माताजी के सानिध्य में धर्मसभा, पं. जितेंद्र उपाध्याय महाराज ने जैन धर्म की अहिंसा और आत्मशुद्धि पर रखे विचार

**अम्बाह। अजय भारत न्यूज़**

आर्यिका रत्न 105 श्री संगममति माताजी के पावन सानिध्य में शुक्रवार को आयोजित धर्मसभा में कथा वाचक पं. जितेंद्र उपाध्याय जी महाराज पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन भी उनके साथ मौजूद रहे। पं. जितेंद्र उपाध्याय महाराज ने पूज्य माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया और धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन धर्म की आध्यात्मिक विशेषताओं पर अपने विचार रखे।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए पं. जितेंद्र उपाध्याय महाराज ने कहा कि जैन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित रहने वाला धर्म नहीं, बल्कि आत्मा को जानने, समझने और अपने आचरण को शुद्ध करने की जीवन पद्धति है। जैन दर्शन में अहिंसा को सर्वोच्च महत्व दिया गया है। प्रत्येक जीव में आत्मा का अस्तित्व माना गया है, इसलिए किसी भी जीव को कष्ट नहीं पहुंचाना और सभी प्राणियों के प्रति करुणा एवं मैत्री का भाव रखना धर्म का महत्वपूर्ण संदेश है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य मंदिर में जाकर भगवान का स्मरण तो करता है, लेकिन वास्तविक धर्म तब प्रारंभ होता है जब उसके व्यवहार में अहिंसा, सत्य, संयम, क्षमा और अपरिग्रह दिखाई देने लगते हैं। भगवान महावीर ने बाहरी आडंबर से अधिक आत्मविजय पर जोर दिया। व्यक्ति यदि अपने क्रोध, मान, माया और लोभ पर विजय प्राप्त करने का प्रयास करे तो यही वास्तविक साधना है।





पं. उपाध्याय महाराज ने कहा कि जैन धर्म का अनेकांतवाद हमें यह सीख देता है कि सत्य को केवल अपने दृष्टिकोण तक सीमित नहीं करना चाहिए। दूसरों के विचारों को समझने और सम्मान देने की भावना समाज में सद्भाव पैदा करती है। उन्होंने कहा कि क्षमा, संयम और आत्मनिरीक्षण जैसे गुण व्यक्ति के जीवन को भीतर से बदलने की क्षमता रखते हैं।

उन्होंने आर्यिका रत्न 105 श्री संगममति माताजी के सानिध्य को धर्म आराधना के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संतों का जीवन समाज को आत्मकल्याण की दिशा दिखाता है। उनके त्याग, संयम और साधना से प्रेरणा लेकर गृहस्थ भी अपने जीवन में धर्म के संस्कारों को मजबूत कर सकता है।

इस अवसर पर पूज्य संगममति माताजी ने धर्म और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने भीतर झांककर अपने दोषों को पहचानने और उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए। धर्म का उद्देश्य केवल बाहरी क्रियाओं की पूर्णता नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म की शुद्धि है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संयम, स्वाध्याय और नियमित धर्म आराधना के लिए प्रेरित किया।

वहीं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने पं. जितेंद्र उपाध्याय महाराज का स्वागत करते हुए कहा कि संतों और विद्वानों का मार्गदर्शन समाज को धर्म से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को भी भारतीय संस्कृति, अहिंसा, संयम और सदाचार के संस्कार मिलते हैं। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर पुलाव वितरित किया








**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**

श्रवण मास के अच्छे महीने में हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना के सभी पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर वहां लोगों को पुलाव वितरित किया प्रदेश बाल युवा संयोजक ललिता दीक्षित जी ने कहा कि इस समय बदलते मौसम के कारण काफी लोग बीमार हो रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आकर जिला चिकित्सालय में अपना इलाज करा रहे हैं हमारी पूरी कोशिश है कि हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना की सहायता से लोगों को कुछ न कुछ वितरित करते रहे जिससे हमारा कर्तव्य पूरा हो सके और हम सभी जरूरत पड़ने पर समाज के लिए कुछ अच्छा कर सके इस अवसर पर प्रदेश बाल युवा संयोजक ललिता दीक्षित जी के साथ प्रांतीय महिला संभागीय सह भागयता दया शर्मा, जिला महिला सहभागिता प्रीती गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रेरणा गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनुराधा उपाध्याय, सचिव रेखा गुप्ता, रामवीर सहित हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना के काफी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।


# बागचीनी पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर किया लाखों का माल बरामद

**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**

थाना बागचीनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से मंदिरों से पीतल के घण्टे एवं ट्यूबबैल की तिवरियों से केबल व अन्य बिजली के उपकरण चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों का माल बरामद किया है ।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, एएसपी सुरेन्द्र पाल डाबर तथा एसडीओपी जौरा नितिन बघेल के निर्देशन में चोरों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान जिलेभर मे संचालित किया जा रहा है । जिसके फलस्वरूप थाना बागचीनी पुलिस ने फरियादी राजवीर यादव निवासी ककरधा, मनोज शर्मा निवासी वीरमपुरा तथा कुंअरपाल सिंकरवार निवासी छोटे सिंह का पुरा ने अपने अपने ग्रामों मे मंदिरों से पीतल के घण्टे चोरी एवं ग्रामों के हार मे बने ट्यूबबैल की तिवरियों से केबल व अन्य बिजली के उपकरण चोरी के संबंध में रिपोर्ट किया जिस पर से थाना बागचीनी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेश एवं निर्देशन में थाना बागचीनी पर एक पुलिस टीम गठित की गई जिसपर से मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र मे चोरी हुए पीतल के घण्टों को बेचने के लिए तीन व्यक्ति मोटरसायकिल से कुम्हेरी हडवासी नहर होते हुए मुरैना जा रहे हैं जिसपर से तत्परता से पुलिस टीम बागचीनी के द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर संदिग्ध आरोपियों को पकडकर पूछताछ की गयी तो उन्होने बताया कि हम चार लोगो मिलकर लोडिंग चार पहिया वाहन में सवार होकर ग्राम के बाहर मंदिरो एवं ग्राम के हारों में बनी ट्यूबबैल की तिवरियाओं मे से तार एवं बिजली के उपकरण तथा पीतल के घण्टों की चोरी करना स्वीकार किया । पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों की निशादेही में पीतल के घण्टे कीमती 55000 रुपये एवं बिजली का तार कीमती 8000 रुपये मोटरसायकिल कुल कीमती करीबन 110000 रुपये का माल बरामद किया गया पकडे गये आरोपियों का एक अन्य साथी फरार है जिससे संबंधित अपराधों का मशरुका बरामद होना शेष है।





# शक्कर कारखाने को लेकर जौरा में बैठक आज

**अजय भारत न्यूज**

**जौरा,(कासं)** । 15 अगस्त से शक्कर कारखाने पर आमरण अनशन की रूपरेखा को लेकर एक बैठक का आयोजन आज 8 अगस्त को जौरा स्थित गांधी वाचनालय में 11:00 से रखा गया है । गांधी वाचनालय में बैठक के बाद इसी विषय को लेकर दोपहर 2:00 बजे कैलारस स्थित शुक्ला गार्डन में भी बैठक आयोजित की गई है ।

# बानमौर में 8 अगस्त को लगेगा विद्युत उपभोक्ता संपर्क अभियान शिविर

**मुरैना।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संपर्क अभियान के अंतर्गत 8 अगस्त 2026 को बानमौर वितरण केंद्र पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में बानमौर, नयागांव एवं आसपास के क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। शिविर में गलत अथवा अधिक बिजली बिल, मीटर रीडिंग संबंधी त्रुटियां, मीटर एवं सर्विस केबल से संबंधित समस्याएं, बंद अथवा दोषपूर्ण मीटर, मीटर फास्ट, स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही घरेलू एवं कृषि विद्युत कनेक्शन, अस्थायी कनेक्शन, नाम परिवर्तन, भार एवं श्रेणी परिवर्तन, स्थायी विच्छेदन, उपभोक्ता विवरण, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट बिल उपलब्ध कराना तथा बिजली बिल जमा करने सहित अन्य उपभोक्ता सेवाएं भी शिविर में प्रदान की जाएंगी। विद्युत वितरण कंपनी ने संबंधित क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं।

# 15 अगस्त की भव्य तिरंगा यात्रा को लेकर सर्वदलीय एवं सामाजिक संगठनों की बैठक सम्पन्न

## तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता एवं जनसहभागिता का है महापर्व : डॉ. राठी
## पहल परिवार के साथ शहर के प्रमुख सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी का लिया संकल्प

**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 15 अगस्त 2026 को पहल परिवार, मुरैना द्वारा आयोजित होने वाली भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर होटल धर्म-इन, मुरैना में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक एवं शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए पहल परिवार के अध्यक्ष डॉ. विवेक राठी एवं अमित जैन ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता एवं जनसहभागिता का महापर्व है। उन्होंने सभी संगठनों से अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।





बैठक में निर्णय लिया गया कि तिरंगा यात्रा शहीद संग्रहालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई स्टेशन रोड पर सम्पन्न होगी। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व सभी सामाजिक संगठनों द्वारा शहीद संग्रहालय परिसर में सामूहिक रूप से ध्वजारोहण एवं झंडा वंदन किया जाएगा।

साथ ही यह भी तय किया गया कि शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा यात्रा का स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा एवं भव्य स्वागत किया जाएगा, जिससे पूरे शहर में राष्ट्रभक्ति का वातावरण निर्मित होगा।

बैठक में प्रमुख रूप से रोटरी क्लब मुरैना, भारत विकास परिषद, लायंस समन्वय, लायंस मानिक, लायंस वेस्ट, लायंस मयूरवन, लायंस चम्बल, रोटरी क्लब चम्बल, रोटरी क्लब रॉयल्स, सैनिक कल्याण बोर्ड,लायंस क्लब इलीट,एम.आर. एसोसिएशन, अभ्युदय आश्रम, विश्व हिन्दू परिषद,लायंस क्लब डायमंड,रोटरी क्लब मैत्री, इनर व्हील क्लब, लायंस क्लब मुरैना,नगर निगम मुरैना,सक्सेस मंत्र अकादमी, कॉमर्स क्लासेज,पत्रकार साथी सहित अनेक सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में पहल परिवार की श्रीमती आशा सिकरवार ने सभी अतिथियों एवं संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**जन-जन से अपील**

पहल परिवार ने मुरैना शहर के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे 15 अगस्त को आयोजित इस भव्य तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर राष्ट्रप्रेम, एकता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दें तथा इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएँ।

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं- :-JHS/Commercial/E-Auction/2026/179 दिनांक :- 06.08,2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी** : पार्किंग | **केटलोग संख्या** : झाँसी-पार्किंग-64

**एसेट्स डिटेल्स** : झाँसी मण्डल के अलग-अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतु :-

| स्टेशन केटेगरी | स्टेशन/स्थान | स्टेशन केटेगरी | स्टेशन/स्थान |
|---|---|---|---|
| एनएसजी-5 | भरूआ सुमेरपुर | एनएसजी-3 | चित्रकूटधामकर्वी |

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय** : दिनांक 21.08.2026 को समय-11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय** : दिनांक 21.08.2026 को समय-11:40 तक

नोट-उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1812/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं: JHSW-M-S-RB-2026-27-8 दिनाकः 05.08.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम** : वैगन मरम्मत कार्यशाला,झाँसी में रोलर बियरिंग शॉप की पीओएच गैर-मुख्य गतिविधियों के दौरान विविध वैगनों के व्हील सेट के रोलर बियरिंग को खोलने, साफ करने और स्थानांतरित करने की आउटसोर्सिंग

**कार्य की लागत** : Rs. 33,57,259.38 /- (18% जीएसटी सहित) | **अग्रिम राशि** : Rs. 67,200/-

**कार्य पूरा होने का समय** : बारह महीने / **ऑनलाइन टेंडर क्लोजिंग डेट और समय** : 31.08.2026 समय 16:00 बजे तक

निविदा और निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1806/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# प्रत्येक शुक्रवार को दौरे पर रहेंगे अधिकारी: सीएम डॉ. मोहन यादव

**शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का मैदानी स्तर पर लेंगे जायजा**

**सुशासन की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान**

भोपाल। अजयभारत न्यूज



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में सभी वर्गों के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा स्थापित हुई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंत्योदय और जनकल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

मध्यप्रदेश सरकार भी गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश में शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों की पदोन्नति वर्षों से अटकी थी। हमारी सरकार ने कर्मचारियों को पदोन्नति का उनका अधिकार दिलवाया। पदोन्नति के लिए सभी जरूरी प्रक्रियाओं को समय से पूरा करते हुए वर्तमान वर्ष में शेष रह गए अधिकारी-कर्मचारियों की भी पदोन्नति सितंबर-अक्टूबर माह में कर दी जाएगी। सरकार के कार्यों को धरातल पर सफल बनाने और सुशासन स्थापित करने में राज्य के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को छिंदवाड़ा के एफडीडीआई ऑडिटोरियम में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास और जनकल्याण के लिए राज्य सरकार दूरगामी विजन के साथ कार्य कर रही है। आज छिंदवाड़ा से एक नई शुरुआत की जा रही है। अब प्रत्येक शुक्रवार को किसी भी दफ्तर में कोई मीटिंग नहीं होगी। सभी अधिकारी जनता के बीच मौजूद रहकर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लेंगे। जन विश्वास अभियान में आम नागरिकों की बेहतरी और उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मैदानी स्तर पर आने वाली कठिनाईयों का समाधान किया जाएगा।

### 17 हजार पदों पर नई भर्ती के लिए सूचना जारी

**मुख्यमंत्री** डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में शासकीय पदों पर नई भर्तियों की शुरुआत कर दी है। पुलिस विभाग में ही 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। इसमें 1000 पद ड्राइवरों के भी शामिल हैं। स्कूल शिक्षकों के 10 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है। उच्च शिक्षा विभाग में 7 हजार से अधिक व्याख्याताओं की भर्ती की गई है। म.प्र. व्यावसायिक शिक्षा मंडल ने विभिन्न विभागों में 17 हजार पदों पर नई भर्ती के लिए सूचना जारी की है। बीते ढाई साल में एक लाख पदों पर भर्ती की जा चुकी है। अब 2 लाख नई भर्ती करने की प्रक्रिया जारी है।

## शिक्षित नारी ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला

# युवाओं को सही दिशा देना शिक्षकों व मातृशक्ति की जिम्मेदारी: खुशबू गुप्ता

ग्वालियर।



माधव विधि महाविद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए 'स्त्री विमर्श - भारतीय दृष्टिकोण में शिक्षकों की भूमिका' विषय पर 'मातृशक्ति सम्मेलन' का गरिमामय आयोजन किया गया। सम्मेलन में शिक्षा, संस्कार, महिला नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती खुशबू गुप्ता, मुख्य वक्ता सुश्री आद्या दीक्षित, अध्यक्षता श्रीमती मनीषा शर्मा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघचालक माननीय श्री प्रहलाद सबनानी जी, माधव विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीति पांडे सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, शिक्षकगण, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति बहनें उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती खुशबू गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज केवल महिला सशक्तिकरण ही नहीं, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व को भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्त्री राष्ट्र की आधारशिला है। जब नारी शिक्षित होगी, तभी शिक्षित समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। उन्होंने कहा कि मां बच्चे की प्रथम शिक्षक होती है और एक महिला शिक्षक के रूप में समाज एवं नई पीढ़ी को संस्कार, शिक्षा और सही दिशा देना हमारी दोहरी जिम्मेदारी है।


# उठावनी

## अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि



# श्री पंकज बंसल

## (पुत्र स्व. श्री रामजीलाल बंसल)

**का स्वर्गवास दिनांक 06.08.2026, गुरवार को हो गया है। जिनकी उठावनी दिनांक 08.08.2026, शनिवार को दोपहर 3 से 4 बजे महावीर भवन, कम्पू, पेट्रोल पंप के बगल से ग्वालियर में रखी गई है।**

**शोकाकुलः** पूजा बंसल (धर्मपत्नी), जतिन-मुस्कान बंसल (पुत्र-पुत्रवधु), दिव्यांशु बंसल (पुत्र), श्रीभगवान बंसल (चाचा), बेबी-पवन सिंघल (बहन-बहनोई), संजय बंसल, राहुल बंसल, विकास बंसल, नितिन बंसल, आकाश बंसल, कुणाल बंसल, मोहित बंसल (भ्रातागण) एवं समस्त बंसल परिवार

**ससुराल पक्ष :** मंगेश, योगेश, मुकेश, पदमेश, नंदन, मनोज, अभिषेक अग्रवाल परिवार

**फर्म :** कृष्णा ट्रेडर्स, दाल बाजार मो. 9977072674

**फर्मः** ● पूजा इंटरप्राइजेज, ● पंकज ट्रेडर्स, ● संजय ट्रेडर्स (दाल बाजार) ● राहुल एजेंसी, गौरी ज्वैलर्स (मुरैना)

मो. 9425129048, 9827212432, 9917717888


# काकाजी के विचार देते है जीवन में आगे बढने की प्रेरणा: तोमर

**पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर को शहरवासियों ने दी पुष्पांजलि**

ग्वालियर। अजयभारत न्यूज






पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 103 वीं जयंती पर नगर निगम मुख्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर शहरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक पीयूष ताम्बे एवं सुश्री प्रतीक्षा तांबे ने भजनों के माध्यम से भजनांजली अर्पित की।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि काका जी (स्व. श्री नारायण कृष्ण शेजवलकर) का उन्हें मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है, उनके सानिध्य में रहकर उन्होंने संगठन एवं सार्वजनिक जीवन में कार्य करने की कला सीखी है। स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर के विचार जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देते हैं। नारायण कृष्ण शेजवलकर प्रशासनिक भवन सिटी सेंटर में पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 103 वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर (काका जी) को याद करते हुए कहा कि मैं उन सौभाग्यशाली लोगों में से हूँ जिन्हें राजनीतिक जीवन के प्रारंभिक समय में काकाजी का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ है। काकाजी का पूरा जीवन हम सभी को प्रेरणा देता है, उन्होंने कार्यकर्ताओं के जीवन को गढने का कार्य किया तथा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया और सम्मान दिया।पूर्व संगठन मंत्री वेदप्रकाश शर्मा ने कहाकि कार्यकर्ता को किस प्रकार तैयार किया जाता है, यह हमें काकाजी से सीखना चाहिए।

नगर निगम मुख्यालय परिसर में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा काकाजी स्व. श्री नारायण कृष्ण शेजवलकर की स्मृति में पौधारोपण किया गया।

### यह हुए शामिल

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, ग्वालियर जिले के प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक जादौन, ग्वालियर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मधुसुदन सिंह भदौरिया, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, ध्यानेन्द्र सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, वरिष्ठ नेता गजेन्द्र गडकर, वेद प्रकाश शर्मा, अभय चौधरी, कमल माखीजानी, श्रीमती खुशबू गुप्ता, सतीश बोहरे, हरीश मेवाफरोश, सुधीर गुप्ता, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं शहर के नागरिक गणों ने स्व. शेजवलकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

### भजनांजलि कार्यक्रम

नगर पालिक निगम, ग्वालियर द्वारा आयोजित भजनांजलि कार्यक्रम में भजन गायक पियूष ताम्बे एवं सुश्री प्रतीक्षा ताम्बे ने कभी-कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े, मनवा रे जीवन है संग्राम एवं ओ पालनहारे, भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।



## नेपाल से पुणे जा रही बस का भीषण एक्सीडेंट

भिंड। अजयभारत न्यूज

पड़ोसी देश नेपाल से महाराष्ट्र के पुणे जा रही एक स्लीपर बस भिंड के गोहद क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हुई है। बस मालनपुर की और से आ रहे एलपीजी सिलेंडर से लोड ट्रक से भिड़ंत का शिकार हुई। जिसमे एक महिला की मौके पर मौत और 15 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें रेस्क्यू कर इलाज के लिए गोहद सिविल हॉस्पिटल भेजा गया है।

बताया जा रहा है की, नेपाल के पलिया प्रांत से चलकर बस पुणे के लिए रवाना हुई थी। जो शुक्रवार सुबह इटावा के रास्ते भिंड में दाखिल हुई थी। यहां नेशनल हाईवे 719 से गुजरते समय बस जब गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के बंजारे का पुरा से निकल रही थी, इसी दौरान सामने की ओर से आ रहा एक गैस सिलेंडर से भरा ट्रक अपने आगे चल रहे डंपर को ओवरटेक करने की कोशिश में बस से जा भिड़ा। हादसा इतना भीषण था कि बस के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। साथ सी बस में बैठी सवारियां भी इस हादसे की चपेट में आ गयी। बताया जा रहा है कि, बस में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 12 से ज़्यादा यात्री गंभीर घायल हो गए हैं, जो बस में ही फंसकर रह गए थे। ऐसे में आस पास से गुजर रहे राहगीरों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुचकर तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को निकालने का प्रयास शुरू किया।

**खास खबर** ब्राह्मण महासम्मेलन... नई कार्यकारिणी के गठन पर हुई चर्चा

# समाज की उन्नति के लिए सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक

मुरैना। अजयभारत न्यूज






ब्राह्मण अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट द्वारा बुधवार को मित्तल धर्मशाला स्थित एमएस रोड परिसर में ब्राह्मण महासम्मेलन का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे शुरू हुए सम्मेलन का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम एवं आचार्य प्रभाकर मिश्र के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों, मध्यप्रदेश के अनेक जिलों से संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, संगठन विस्तार, शिक्षा, युवा सहभागिता, समाजहित के विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य समाज को संगठित करना था। नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना भी उद्देश्य रहा। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। युवाओं को नेतृत्व से जोड़ने पर भी जोर रहा। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। संगठन को सेवा, संस्कारों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। सम्मेलन में हाल ही में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए चयनित आशीष शर्मा, सब-इंस्पेक्टर अमित पचौरी, सब-इंस्पेक्टर अंकित शर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

इसके अलावा जिले के नियुक्त ब्राह्मण वरिष्ठ पार्षद गिर्राज तिवारी, वृंदावन पाराशर, दिनेश शर्मा, वीरेंद्री त्यागी, उमेश त्यागी, शंभुनाथ मड़ैया, रोगी कल्याण समिति के सदस्य प्रेमकांत शर्मा, एनएसयूआई के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रोहित गुधेनिया, श्रीमती ललिता दीक्षित, प्रीति दीक्षित, दया शर्मा सहित कई समाजसेवियों, प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न देकर संम्मानित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेशचंद्र - कौशिक उपस्थित रहे।

### यह रहे मंचासीन

कार्यक्रम में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व मंत्री गिर्राज डंडौतिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन शर्मा, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव ऋषि दयानंद शर्मा, राष्ट्रीय सचिव नरेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद शर्मा, श्रीमती ललिता दीक्षित, प्रीति दीक्षित, दया शर्मा सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मंचासीन रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। समाज में शिक्षा, संस्कार, सेवा, संगठन की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन, राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अजय दीक्षित द्वारा अजय भारत प्रिंटिंग प्रेस, प्रेस काम्पलेक्स, ग्वालियर रोड मुरैना से मुद्रित एवं वीरेन्द्र वाटिका, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, लहार रोड भिण्ड म.प्र. से प्रकाशित।
R.N.I. पंजीयन क्रमांक MPHIN/2014/58809, प्रधान संपादक अजय दीक्षित मो. 94251-26037, प्रबंध संपादक अरूण कुमार दीक्षित मो.-94251-26036 कार्या. फोन/फैक्सः 07534-230308 email-ajaybharatmorena@gmail.com